हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025



# सितंबर महीने में त्योहारों की श्रृंखला...गणेश विसर्जन, नवरात्र के साथ दिखेगी ईद की रौनक, पितृपक्ष में पुरखों को याद करेंगे लोग, 7 की रात दिखेगा चंद्र ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्यौहारों के दृष्टिकोण से सितंबर महीना खास होने वाला है। आगामी महीने में जहां गणेश विसर्जन, नवरात्र से लेकर ईद की रौनक देखने को मिलेगी। वहीं पितृपक्ष के दौरान लोग अपने पूर्वजों को याद करेंगे। इसके अलावा दर्जनभर अन्य त्यौहार भी इस महीने पड़ रहे है। जिनमें महिलाएं व्रत रखती है।

सितंबर का आधा महीना भाद्रपद और आधा अश्विन का होने वाला है। इस महीने कई शुभ योग बनते हैं और इन योगों में खास व्रत और त्यौहार पड़ते हैं। ग्रहों और नक्षत्रों के लिहाज से भी सितंबर का महीना बेहद शुभ होता है। सितंबर में गणेश चतुर्थी, महालक्ष्मी व्रत, पितृपक्ष, इंदिरा एकादशी और राधा अष्टमी समेत ललिता सप्तमी का व्रत रखा जाता है।

## सितंबर महीने में प्रदोष, जीवित्पुत्रिका सहित एकादशी जैसे व्रत भी, भक्ति-भाव में गुजरेगा महीना

**खास बातें**

- मानसून का भी अंतिम महीना
- शहर से लेकर गांव तक रहेगी त्यौहारों की धूम, तैयारियां
- बाजार में दिखेगा त्यौहारों का असर



### इस महीने दो चंद्रग्रहण भी

7 सितंबर को साल का दूसरा और आखिरी चंद्रग्रहण भी लगेगा। यह ग्रहण भारत में दिखाई देने वाला है, इसलिए इसका प्रभाव भारतवर्ष पर होगा। चंद्रग्रहण 7 सितंबर को रात 9 बजकर 58 मिनट पर लगेगा और इसका समापन 8 सितंबर की रात 1 बजकर 26 मिनट पर होगा। चंद्रग्रहण का सूतक काल दोपहर को 12.57 बजे शुरू हो जाएगा। साल का आखिरी और दूसरा सूर्यग्रहण 21 सितंबर को लगेगा। यह चंद्रग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। भारतीय समयानुसार यह सूर्यग्रहण रात 11 बजे से लेकर रात 03 बजकर 24 मिनट तक रहेगा।

### बंद रहेंगे बैंक-स्कूल

सितंबर महीने के दौरान कुल 10 दिन बैंकों में छुट्टी रहेगी। जिसमें शनिवार और रविवार के अलावा अन्य अवकाश भी शामिल हैं। दरअसल सितंबर में कई त्यौहार के अवसर पर बैंक अवकाश है। जिनमें ओणम, दुर्गा पूजा आदि शामिल हैं। पूरे भारत में बैंक प्रत्येक रविवार और दूसरे व चौथे शनिवार को बंद रहते हैं। ऐसे में अगर आपका बैंक से संबंधित कोई पेंडिंग काम है तो पहले से ही अपनी योजना बना लेना बेहतर होगा। इसके अलावा स्कूलों में भी बच्चों को त्यौहारों की वजह से ढ़ेरों छुट्टियां मिलने वाली है।

### मनाए जाएंगे यह त्यौहार

इस महीने ढ़ेरों त्यौहार मनाए जाएंगे। जिनमें 3 सितंबर परिवर्तिनी एकादशी, 4 सितंबर वामन जयंती, 5 सितंबर ईद-ए-मिलाद, ओणम, प्रदोष व्रत, 6 सितंबर गणेश विसर्जन, अनंत चतुर्दशी, 7 सितंबर भाद्रपद पूर्णिमा व्रत, चंद्रग्रहण, 8 सितंबर पितृपक्ष शुरू, 10 सितंबर विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी, 14 सितंबर जीवित्पुत्रिका व्रत, 17 सितंबर एकादशी श्राद्ध, इंदिरा एकादशी, कन्या संक्रांति, 18 सितंबर गुरुपुष्य योग, 21 सितंबर सर्व पितृ अमावस्या, 22 सितंबर शारदीय नवरात्रि शुरू, घटस्थापना, 25 सितंबर विनायक चतुर्थी, 25 सितंबर स्कंद सष्टी, 30 सितंबर दुर्गाष्टमी, सरस्वती पूजा-अर्चना की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग किया, कार्रवाई



**राजनांदगांव।** मोहल्ले में लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत एक अनावेदक पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस द्वारा अपराध के रोकथाम हेतु एवं शहर में शांति व साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने हेतु अपनी टीम के साथ लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। पुलिस के मुताबिक अनावेदक पवन यादव 26 साल साकिन ब्राम्हणपारा द्वारा 31 अगस्त लगभग 11.45 बजे अपने मोहल्ला ब्राम्हणपारा डोंगरगढ़ के पास शांति भंग कर रहा था एवं मारने-पीटने पर उतारू हो गया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पुलिस के समझाने पर भी नहीं मानने पर अनावेदक के विरूद्ध धारा-170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है। पुलिस द्वारा लगातार आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, बदमाशों, असामाजिक तत्वों, संदेहियों पर नजर रख रही है। यदि कोई थाना क्षेत्र में शांति भंग करता है या कोई अपराध घटित करता है तो उस पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूलों में किताबों का वितरण भी अधूरा, फंड की भी किल्लत

# आत्मानंद स्कूल के बच्चों को नहीं मिला यूनिफॉर्म, चार साल से राशि भी अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश सरकार हर साल सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली से आठवीं कक्षा के बच्चों को गणवेश का वितरण करती है। इस साल भी नए सत्र के आगाज पश्चात जिले में 90 हजार से अधिक विद्यार्थियों को दो-दो सेट गणवेश के वितरित किए गए हैं।

वहीं इन बच्चों को मुफ्त में किताबें भी उपलब्ध कराई गई है, परन्तु जिले के लगभग 9 हजार ऐसे बच्चे जो सरकारी आत्मानंद स्कूल में पढ़ रहे हैं, उन्हें गणवेश नहीं मिल रहा है। इन विद्यार्थियों को मुफ्त में किताबों का वितरण किया जा रहा है, लेकिन उनमें भी अब तक आधी किताबें ही पहुंची है। वहीं शुरूआती सालों में गणवेश के बदले मिलने वाली राशि भी पिछले चार साल से नहीं आई है। ऐसे में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को अपने खर्च पर ही यह भार निर्वहन करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा पहले आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को बेहतर एवं अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य के साथ आत्मानंद स्कूलों की शुरूआत की गई थी। योजना के अंतर्गत जिले में भी दस आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इन स्कूलों में पहली से लेकर बारहवीं कक्षा तक दाखिले के लिए हर साल हजारों फार्म आते हैं। लॉटरी के बाद बमुश्किल 20 से 30 फीसदी बच्चों को दाखिला मिल पाता है।

आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को दाखिले के बाद राज्य शासन के निर्देशानुसार स्कूल में पढ़ने के लिए मुफ्त यूनिफार्म व पुस्तक उपलब्ध कराने की योजना है, लेकिन पिछले कुछ सालों से यूनिफार्म नहीं मिल पा रहा है। हालांकि किताबों का जुगाड़ किसी तरह प्रशासन अपने स्तर पर कर रहा है।

**खास बातें**

- आत्मानंद स्कूल को पीएमश्री में किया तब्दील
- फंड की किल्लत से जुझ रहे जिले के सभी सरकारी स्कूल



### बगैर किताब दी परीक्षा

बताया गया कि आत्मानंद स्कूलों की शुरूआती साल में प्रति विद्यार्थी पालकों को साढ़े छह सौ रुपए की राशि सहायता के तौर पर दी जाती थी, लेकिन पिछले चार साल से ना तो राशि मिली है और ना ही बच्चों को गणवेश वितरण किया गया है।

### छात्राओं को साइकिल का वितरण

मिली जानकारी के अनुसार जिले में आत्मानंद स्कूलों में तीसरी, छठवीं और नवमी कक्षा के कुछ विषयों की किताबें आना शेष है। जबकि इन स्कूलों में हाल ही में परीक्षा का आयोजन किया गया था। ऐसे में बच्चों को बगैर किताब के ही परीक्षा में शामिल होना पड़ा। हालांकि आत्मानंद स्कूल के छात्राओं को साइकिल का वितरण कर लिया गया है।

### रकम के इंतजार में पालक, नहीं मिल रही सहायता

आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अधिकांश आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को ही दाखिला दिया जाता है। आवेदन और लॉटरी प्रक्रिया के बाद दाखिला लेने वाले बच्चों को अपने यूनिफार्म के लिए हर साल मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है। शुरूआती सालों में यूनिफार्म के लिए कुछ सहायता राशि सरकार की तरफ से दी गई। ऐसे में पिछले चार साल से पालक इस उम्मीद में अपने बच्चों को यूनिफार्म दिलवा रहे हैं कि सरकार उन्हें सहायता राशि भेजेगी, लेकिन शासन से भुगतान नहीं हो पा रहा है।

## भक्तों को लुभा रहे छग सभ्यताओं को समेटे हुए पंडाल, पुरखा के चिन्हारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के दीवानपारा में फ्रेंड्स क्लब गणेश उत्सव समिति द्वारा छत्तीसगढ़ी सभ्यताओं पर आधारित पूजा पंडाल सजाया गया है। इस पूजा पंडाल में भगवान गणेश को बाल रूप में अठखेलियां करते दिखाया गया है। वहीं पूरे पंडाल को मिट्टी और घास-फूस खादर से निर्मित घर के रूप में बनाया गया है, जो गांव के पुराने दौर में सुसज्जित और व्यवस्थित घर को प्रदर्शित कर रहा है। विलुप्त होते छत्तीसगढ़ी परिवेश को गणेश पूजा पंडाल के माध्यम से लोगों के सामने लाने और पुराने दौर में उपयोग किए जाने वाले घरेलू सामग्रियों की अहमियत दिखाने और नई पीढ़ी को इनसे वाकिफ कराने के लिए पंडाल सजाया गया है।

⏩ शेष पेज 10 पर

### मिट्टी से बनी सामग्री

पंडाल में पुराने दौर में घरेलू उपयोग में आने वाले चूल्हा, सिगड़ी, गोबर के कंडे, मिट्टी के बर्तन, झंहुआ, पररा, सुपा, सिलबट्टा, लालटेन, माखन की हांडी, सुवा, देवस्थान, खेल सामग्री में बांटी, भंवरा, गाय, बैल, तुलसी चौरा बनाया गया है। इसमें मिट्टी से बनी कई सामग्रियां हू-ब-हू नजर आ रही है।

**संदेश को लेकर स्थापना :** गणेश पंडाल में आने वाले बुजुर्ग पुराने वस्तुओं को देखकर निहार रहे हैं। वहीं युवा और बच्चों के लिए यह सामग्री काफी आकर्षित करने वाली है। गणेश पंडाल को लेकर समिति के अध्यक्ष मोन्टू यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा धीरे-धीरे आधुनिकता के दौर में खोती जा रही है, जिसे सहजने का संदेश लेकर इसकी स्थापना की गई है।

## माय एंगल




# ढ़ाबा में बिठाकर पिला रहे थे शराब तीन संचालक के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ढाबा में लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने की शिकायत पर पुलिस ने अलग-अलग तीन स्थानों पर दबिश देकर ढाबा संचालकों को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 30 अगस्त को मुखबीर से मोबाइल से सूचना मिली कि थाना क्षेत्रांतर्गत ढाबा संचालकों द्वारा आम लोगों को शराब पीने व पिलाने के लिए साधन उपलब्ध कराकर बिठाकर शराब पिला रहे हैं। जिसके खिलाफ लालबाग पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। संपूर्ण कार्रवाई में उप निरीक्षक ईशा ओग्रे, सहायक उपनिरीक्षक शोभाराम बेरवंशी, ईश्वर यादव, प्रधान आरक्षक प्रभात तिवारी, आरक्षक राजकुमार बंजारा, कमलकिशोर यादव की भूमिका सराहनीय रहा है।



### आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

सूचना पर टीम ने दबिश देकर पायल ढाबा रीवागहन चौक, बिहार पटना ढाबा रीवागहन एवं मिनी पंजाब ढाबा फरहद चौक जाकर अलग-अलग ढाबा में रेड कार्रवाई कर ढाबा संचालक दीपक तेजवानी 32 साल निवासी भरकापारा, रोहित यादव 24 साल निवासी पेंड्री एवं ओमकार सिंह चंदवानी 29 साल निवासी कृष्णा विहार के विरूद्ध गवाहों के समक्ष धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

# अगस्त में 241 मिमी बारिश से सीजन का कोटा 68% पूरा, पिछले साल से सौ मिमी कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अगस्त महीने में पिछले कुछ सालों के दौरान बंपर बारिश देखने को मिली है। जिसके चलते बारिश का कोटा भी 80 फीसदी से अधिक पूरा हो जाता था, लेकिन इस बार अगस्त में सीमित बारिश के चलते आंकड़ा पिछड़ गया है। इस साल अगस्त महीने में 241 मिमी बारिश दर्ज हुई। जिसके चलते कुल आंकड़ा 786 मिमी में पहुंच पाया है। जबकि पिछले साल अगस्त महीने के समाप्ति तक 890 मिमी बारिश हो गई थी। इस बार हुई 786 मिमी बारिश सीजन के कोटे का 68 फीसदी है, यानि अब सितंबर में यदि 256 मिमी से कम बारिश होती है तो कोटा पूरा नहीं हो पाएगा। इधर किसानों के पास खेती के लिए पर्याप्त पानी तो है, लेकिन असिंचित इलाकों में कुछ समस्या जरूर आ रही है। खरपतवार बढ़ने की वजह से किसानों को कीटनाशक का छिड़काव करना पड़ रहा है। हालांकि आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियों में तेजी आने की संभावनाएं जताई गई है। जिसके चलते किसानों को राहत मिल सकती है। हालांकि अब तक की बारिश से जिले के अधिकांश जलाशयों में पर्याप्त जलभराव हो गया है। नदी-नालों का जलस्तर भी बेहतर बना हुआ है। तालाबों एवं कुओं में भी पानी पर्याप्त हो गया है।

### सभी ब्लॉक में औसत से अधिक बारिश

कुछ दिनों पहले तक जिले के तीन ब्लॉक सामान्य बारिश से पीछे चल रहे थे, लेकिन इन इलाकों में पिछले एक सप्ताह के दौरान हुई बारिश के चलते अब यहां भी स्थिति बेहतर हो गई है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार डोंगरगढ़ ब्लॉक में 885, एलबी नगर में 772, राजनांदगांव में 1031, घुमका में 708, छुरिया में 642, कुमरदा में 687 और डोंगरगांव ब्लॉक में 765 मिमी हो चुकी है।

### चार दिन व्यापक बारिश की संभावना

मानसून द्रोणिका अपने सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर बना हुआ है। इसके प्रभाव से कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में 2 से 5 सितंबर तक व्यापक वर्षा होने की संभावना है। इसका प्रभाव उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

## सुरगी के बाद अब जिले के तोरनकट्टा में शराब के खिलाफ मुहिम

# शराब बेचने पर 31000 दंड, बताने वाले को 11000 ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर बसा सोमनी थाना अंतर्गत आने वाला ग्राम तोरणकट्टा में आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व समाज के सदस्यों द्वारा गांव में शराबबंदी, जुआ, सट्टा पर प्रतिबंध एवं छोटे बच्चों को दुकान से गुटका व पाउच देने पर प्रतिबंध किया गया एवं सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने, गांजा पीने एवं पिलाने वालों या बेचने वालों के खिलाफ दंड का प्रावधान किया गया।

जुएं-सट्टे के साथ आज-कल के बच्चों द्वारा मोबाइल में बच्चों का जो लत लगा है, उसके संबंध में भी दंड का प्रावधान किया गया है। गांव में कड़ाई के साथ पालन के लिए विभिन्न नियम बनाए गए। जिसमें शराब पीने वाले को 5000 दंड, शराब पीने वाले की जानकारी बताने वाले को 2000 ईनाम दिया जाएगा। शराब व गांजा बेचने वाले को 31000, बताने वाले को 5100 ईनाम दिया जाएगा और आरोपी अपना दंड स्वीकार नहीं करता है तो डबल चार्ज दंड लिया जाएगा। शराब, गांजा पीकर गाली-गलौज करना, अभद्र व्यवहार व घर में भी गाली-गलौज करने वाले से 5100 दंड लिया जाएगा। शराब-गांजा पीकर गाली-गलौज करने के संबंध में बताने वाले को 1100 ईनाम दिया जाएगा। गांव में सट्टा-जुआ खेलने वाले को आदमी पीछे 31,000 दंड व बताने वालों को 11000 ईनाम दिया जाएगा। जिसके यहां मेहमान या रिश्तेदार आता है और शराब-गांजा पीकर गाली-गलौज करता है और अभद्र व्यवहार करता है तो 5000 दंड और बताने वाले को 1100 ईनाम दिया जाएगा।



### फोन गेम खेलने पर भी दंड


मोबाइल गेम खेलने वाले व्यक्ति व बच्चों के परिवार को 5000 का आर्थिक दंड दिया जाएगा। बताने व सूचना वाले को उचित ईनाम, 2000 दंड लिया जाएगा। इस बैठक में उपसरपंच रेखलाल साहू, शरद साहू, मुकेश साहू, औरान साहू, पिलेश्वर साहू, सरपंच प्रतिनिधि जनक ठाकुर, विद्यादास साहू, गौतम ठाकुर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

**मारपीट करने पर भी दंड :** त्यौहार के समय व कोई भी आयोजन के समय गाली-गलौज और मारपीट करने वाले को व गुट बनाने को प्रति व्यक्ति 11000 का दंड, बताने वाले को 2000 ईनाम दिया जाएगा। दुकान में खुला डिस्पोजल गिलास बेचना और खरीदना मना है, लेने व बेचने वाले को 5000 दंड, बताने वाले को 2000 ईनाम। रात 11 बजे तक कोई भी व्यक्ति घूमते हुए व मोबाइल चलाते पाया गया तो प्रति व्यक्ति 5000 दंड और बताने वाले को 2000 ईनाम दिया जाएगा। 15 साल के बच्चों को, कम उम्र के बच्चों को गुटखा देना मना है, अगर 15 साल के बच्चों को दुकानदार गुटका और पाउच बेचना मना है, नहीं तो दुकानदार के ऊपर 5000 दंड लिया जाएगा। खरीदने वाले के ऊपर 2000 दंड लिया जाएगा।



## 6 हजार से ज्यादा प्रतिमा स्थापित



**डोंगरगढ़।** नगर के पंडालों में इस साल गणेश जी को कृष्ण, शिव, बाल, काल रात्रि के नव रूप, शिव पूजा, अष्ट रूप, शनि रूप, श्री कृष्ण खाटू श्याम रूप, एक दंत गजानन स्वरूप में विराजमान हैं। गणेश पर्व को लेकर नगर के चौक चौराहे रंग बिरंगी रौशनी से जगमगा रहे है। शाम 6 बजे से पंडालों में दर्शनार्थी उमड़ने लगते है जो देर रात तक जारी रहता है। स्टेट बैंक, सेठपारा, जयस्तंभ चौक में प्रति दिन भोग भंडारा के साथ स्वल्पाहार का वितरण किया जा रहा है। शहर सहित पूरे विकास खंड में लगभग 6 हजार प्रतिमा की स्थापना की गई है।






## मुसरा में गांजा और शराब की बेरोकटोक बिक्री

# स्कूल बना मयखाना, गंदगी साफ करने मजबूर छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

ग्राम पंचायत मुसरा में प्रशासनिक उदासीनता के कारण शराबखोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। शराबी अब स्कूल परिसर को भी नहीं छोड़ रहे है।शिक्षा के मंदिर में लोग शराब का सेवन करने से बाज नहीं आ रहे है। यहां लोग स्कूल परिसर को गंदा करते हैं जिससे स्कूल का वातावरण खराब हो रहा है।

ब्लाक मुख्यालय से करीब 15 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम मुसरा में प्रशासन की उदासीनता के चलते विकास के मायने बदल गए है। ग्राम के बच्चे, बूढ़े, जवान शराब और गांजा बेचे जाने को फैशन समझने लगे है। यहां के बहुसंख्यक लोग शराब और चखना बेचते नजर आते है। गांव के मुख्य चौराहे पर शराब और चखना बेचा जा रहा है। गांजा, मांस और मदिरा का यह गांव हब बन चुका है। गांव के चौराहे पर मांस और अंडे बेचने से बगल में स्थित बालिका मिडिल स्कुल एवं आंगन बाड़ी केंद्र में लोग बैठकर शराब और मांस का मजा लेते है। सुबह स्कूल की बालिकाएं शराबियों द्वारा फैलाई गई गंदगी को साफ करते नजर आती है।



**पुलिस सूचना**

सरपंच गायत्री शिव टेम्भुरकर ने बताया कि शिक्षा एवं स्वास्थ से जुडी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। स्कूल और अन्य स्थानों पर शराबखोरी की जानकारी थाना प्रभारी डोंगरगढ़ को दी जा चुकी है। थाना प्रभारी ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पंचायत अपने स्तर पर कोशिश कर रही है स्कूल परिसर के आसपास से चखना सेंटरों को हटाया जाए।



# जिपं अध्यक्ष ने लिया जायजा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

दनगढ़ में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मैदान में खिलाड़ियों के संघर्ष और जोश को देखकर उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं में अपार क्षमता होती है। सही अवसर और प्रोत्साहन मिलने पर यह खिलाड़ी जीत का परचम लहरा सकते हैं।

### हॉस्टल का किया निरीक्षण

कार्यक्रम के बाद श्रीमती सिंह ने छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हॉस्टल अधीक्षक ने भवन की जर्जर स्थिति, मरम्मत की आवश्यकता और अन्य मूलभूत समस्याओं की जानकारी दी। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने तुरंत विभागीय अधिकारियों से चर्चा की और कहा कि छात्रों के अध्ययन किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को भवन की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। तत्पश्चात श्रीमती सिंह ने हॉस्पिटल का निरीक्षण करते हुए मरीजों से हालचाल जाना। उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। डॉक्टर एवं स्टाफ ने उपकरणों की कमी सहित व्यवस्था संबंधी कठिनाइयों को संज्ञान में लाया।

## पीएम के मन की बात का श्रवण किया भाजपाईयों ने



**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर में प्रधानमंत्री के मन की बात का 125 वां एपीसोड सुना गया। इस एपिसोड का प्रसारण शनिवार को हुआ। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, नगर उपाध्यक्ष छबिधर साहु, हेमलाल वर्मा, पार्षद रमेश यादव, रामजी साहु, योगेश साहु, टिकेश्वर साहु, अवध साहु, लक्ष्मीनाथ रजक, खेदू साहु, यशवंत साहु, जीवराखन साहु, सालिक सिन्हा, राजू यादव, उभे साहु, मंगलू साहु, बिरेन्द्र महंत, भुवन धनकर सहित अन्य उपस्थित थे।

## नि:शुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

- कलेक्टर की पहल पर सेजेस में शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के प्रयास से आईआईटी, जेईई एवं नीट की कोचिंग शुरू की गई है। स्थानीय पीएमश्री सेजेस को भी कोचिंग सेंटर बनाया गया है। कोचिंग के लिए फिजिक्स वाला से सब्सक्रिप्शन लिया गया है। विकासखंड के सभी सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूलों की कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं जीव और गणित के बच्चे इस कोचिंग सुविधा का फ्री में लाभ ले सकेंगे। कोचिंग सेंटर का शुभारंभ बीईओ आरएल पात्रे, सेजेस प्राचार्य श्री देवांगन, नोडल संदीप वर्मा, सहायक नोडल चोवन नेताम, प्राचार्य एनके कमरिया, प्राचार्य चुम्मन साहू, व्याख्याता यादवराम कोठारी, योगिता जैन, आकांक्षा सिंह, रंजना भुआर्य सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। उद्घाटन कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरगांव, बालक स्कूल डोंगरगांव, मनेरी, मोहड़, बडगांव चारभाठा, बिजेभाठा, किरगी के बच्चे शामिल हुए।



## सशक्तिकरण संघ ने लगाए पौधे

**डोंगरगढ़।** महिला सशक्तिकरण संघ ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। संघ के सदस्यों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। महिलाओं और समाजसेवियों ने पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस दौरान नागसेन बुद्ध विहार डोंगरगढ़ के भंते नागरत्न, पदमा मेश्राम, किरण मेश्राम, राधिका जंघेल, सीमा सहारे, सारिका बडोले, सघा शिंदे, लता शिंदे, जया शिंदे, अनुपमा लांडगे, अनिता मेश्राम, अरुणा गजभिए, सविता मेश्राम, चंदना भावे, सरिता गजभिए सहित अन्य उपस्थित थे।



# नीम और तुलसी पर छात्रों ने किया शोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

तेज गर्मी और सीमित संसाधनों के बावजूद गवर्नमेंट कॉलेज गंडई के रसायन विज्ञान विभाग ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज के सहायक प्राध्यापक भागवत राम वर्मा के मार्गदर्शन में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा नीलम और हेमकुमारी ने नीम और तुलसी के फाइटोकेमिकल विश्लेषण पर अपना शोध पूरा किया। अन्य छात्र जब गर्मी की छुट्टियों का आनंद ले रहे थे, तब इन दोनों छात्राओं और उनके शिक्षक ने चिलचिलाती धूप में भी मेहनत जारी रखा।



### कमी के बीच शोध

यह शोध कार्य इसलिए भी खास है क्योंकि इसे सीमित उपकरणों और रसायनों की कमी के बावजूद पूरा किया गया। इस परियोजना का मार्गदर्शन दिग्विजय कॉलेज के प्रो. डॉ डाकेश्वर कुमार वर्मा ने किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे का प्रोत्साहन भी छात्राओं को लगातार मिलते रहा। प्राचार्य डॉ. कुर्रे ने इस उपलब्धि को कॉलेज के लिए गर्व का विषय बताया।

### औषधीय गुणों का खुलासा

इस शोध में नीलम ने नीम पर काम करते हुए पाया कि इसमें पाए जाने वाले एल्कलॉइड और फ्लेवोनॉयड्स जैसे यौगिक ही इसके रोगाणुरोधी और परजीवीरोधी गुणों के लिए जिम्मेदार हैं। वहीं हेमकुमारी ने तुलसी की पत्तियों का विश्लेषण किया। उन्होंने बताया कि तुलसी में मौजूद यूजेनॉल, उर्सोलिक अम्ल और टैनिन जैसे यौगिक इसे प्रतिरक्षा बढ़ाने, सूजन कम करने और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर बनाते हैं।

# वाद विवाद स्पर्धा में गंडई के छात्र द्वितीय



**गंडई पंडरिया।** सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर आयोजित जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में पीएम श्री आत्मानंद स्कूल गंडई के छात्रों ने दूसरा स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ में आयोजित की गई थी।

गृह विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। गंडई के छात्रों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने तर्कों को मजबूती से प्रस्तुत किया, जिसके लिए उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और 5000 रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्रों की तैयारी कराने में कार्यक्रम प्रभारी देवेंद्र वासनिक, स्मिता दास और जसवीर सिंह का सराहनीय योगदान रहा। इस उपलब्धि पर प्राचार्य पवन कुमार ददरया, एसएमडीसी अध्यक्ष संजय राजपूत सहित सभी सदस्यों और शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी है। अब यह छात्र दुर्ग में होने वाले संभागीय स्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।


## खड़गांव में गणेश उत्सव की धूम







युवा मित्र गणेश उत्सव समिति चंदरीबन नवागांव



शिव शक्ति गणेश उत्सव समिति कन्हाडबरी



शीतला मंदिर चारभांठा



बाजार एरिया डोंगरगांव

## छुरिया कॉलेज के साथ एमओयू



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय एवं रानी सुर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया के बीच गत 30 अगस्त को एमओयू हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने बताया कि नेहरू महाविद्यालय का यह 29 वां एमओयू है। यह एमओयू 3 वर्ष के लिए किया जा रहा है, इससे विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों में आपसी सहयोग एवं समन्वय से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ प्रदीप जाम्बुलकर, डॉ आरआर कोचे, छुरिया की प्राचार्य डॉ सुषमा चौरे, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, डॉ एचएस भाटिया की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। अंत में स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक नीलम चतुर्वेदानी, गुलशन सिन्हा, एचआर पदमे आदि उपस्थित थे।

## तहसील साहू संघ का आयोजन, लोकार्पण और भूमिपूजन भी

# नए प्रदेश अध्यक्ष का समाज ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रदेश साहू संघ के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष डा. निरेन्द्र साहू का शनिवार को तहसील साहू संघ ने कर्मा भवन में कार्यक्रम आयोजित कर अभिनंदन किया। इस मौके पर लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया गया। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस दौरान जनपद सदस्य रवि साहू, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू मौजूद थे।

सर्वप्रथम समाज की अधिष्ठात्री भक्त माता कर्मा की सामूहिक पूजा अर्चना कर तहसील साहू संघ द्वारा निर्मित शेड निर्माण का लोकार्पण किया गया। विधायक दलेश्वर साहू द्वारा विकास निधि से घोषित पेवर ब्लाक निर्माण का भूमिपूजन किया गया। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डा. साहू का अभिनंदन विधायक सहित तहसील, परिक्षेत्र व ग्राम से आए सामाजिक पदाधिकारियों ने किया।



### गौरवशाली उपलब्धि

इस अवसर प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डां निरेन्द्र साहू ने अभिनंदन समारोह के आयोजन के लिए तहसील साहू संघ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं बल्कि डोंगरगांव के हर सामाजिक व्यक्ति का है। विधायक साहू ने डां निरेन्द्र को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ प्रदेश साहू संघ का नेतृत्व इस क्षेत्र को मिलना गर्व की बात है। उन्होंने समाज को एक सूत्र मे पिरोकर सामाजिक संगठन को नई दिशा देने की बात कही। सभा को अमरनाथ साहू ने भी संबोधित किया।

### कार्यों का ब्यौरा रखा

स्वागत भाषण देते हुए तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू साढे तीन साल मे किए गए प्रमुख कार्य की जानकारी देते हुए सामाजिकजनों का आभार व्यक्त किया। संचालन लविंद्र साव, धनराज साहू ने किया। इस मौके पर भुवाल साहू, मदन साहू, महेश्वर साहू, संध्या साहू, टिकेश साहू, मूलचंद साहू, धनेश्वरी साहू, हेमंत साहू, रामप्रकाश साहू, धनराज साहू, शिवराम साहू, मीना साहू, सुरेन्द्र साहू, धर्मेंद्र साहू, कोमल साहू, पुरुषोत्तम साहू, पूर्णिमा साहू, प्रेमदास साहू, दौवाराम साहू, बेलस साहू, सुंदरलाल साहू, खेलूराम साहू, बलीराम साहू, टोमन साहू, दिलीप साहू, इन्द्रसेन साहू, राजेश साहू, महेश साहू, प्यारेलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, शांतिबाई साहू, खेमूदास साहू, गिरधारी साहू, रोहित साहू, गोवर्धन साहू, सत्यप्रकाश साहू, सांवलदास साहू, खुमान साहू, भुवन साहू, हिरदेराम साहू, दिनेश साहू, कौशल साहू, नारायण साहू, डा नरेंद्र साहू, रमेश साहू, देवेन्द्र साहू, भैयालाल साहू, मोहनीश साहू, गणेश साहू, चितरेखा साहू, उमाबाई, पोवादास साहू, भागवत साहू, राजेन्द्र साहू, बिजेलाल साहू, सुखदेव साहू आदि मौजूद थे।

# राजेन्द्र खंडेलवाल बने जिला अध्यक्ष



**मोहला।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक जिला मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिले भर से आए सदस्यों ने एकजुटता और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष राजेन्द्र खंडेलवाल, संरक्षक दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष दिव्यांशु बंसोड़, जिला सचिव योगेश सलामे, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मडामे, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रीतिबाला चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी भारती चंद्रवंशी, संगठन सचिव हेमंत कोमरे, सह सचिव डीकेश्वर सहारे, सह सलाहकार कृष्णालाल मालेकर एवं कार्यकारिणी सदस्य हितेश चौहान, मीनाकुमारी चंद्रवंशी, सुकलसिंह छेदाम, रोशन नेताम, नोहरदास साहू हैं।

## खबर संक्षेप



### प्रयास में शक्तिकांत चयनित

**पटेवा।** ग्राम घुमर्रा निवासी शक्तिकांत खरे आ दिलीप खरे का चयन प्रयास विद्यालय दुर्ग की कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए हुआ है। पीएमश्री जालबांधा स्कूल की कक्षा दसवीं के छात्र शक्तिकांत खरे प्रारंभ से ही मेधावी है। प्रयास में चयन होने पर इष्ट मित्रों एवं परिजनों ने बधाई दिया है।

### ग्रामीणों ने सुना पीएम के मन की बात



**सड़क अतरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने मन की बात कार्यक्रम के तहत आम लोगों से रूबरू हुए। यह उनका 125 वां प्रसारण था। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, कृषि आदि की जानकारी लोगों से साझा किया। भाजपा कार्यकर्ता द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना गया। ग्राम घिरघोली में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, रोहित जंघेल, धनऊ राम जंघेल, जयकरण जंघेल सहित अन्य कार्यकताओ के साथ कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के पश्चात ग्रामीणों से चर्चा किया।

### महिला इकाई की कार्यकारिणी घोषित



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ ढेंगर गड़रिया समाज की प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनीता गोपाल धनगर, कोषाध्यक्ष नीलम विजय पाली की सहमति से धमधा-गंडई राज परिक्षेत्र के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। नई समिति में त्रिवेणी दुबेले को संरक्षक, ममता पाल को प्रदेश महासचिव और रेखा धनकर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त रेखा पाल को सचिव, पूर्णिमा पाली और मनीषा धनकर को सलाहकार सदस्य बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पूनम पाली, दुलेश्वरी पाल शामिल हैं, जबकि धनेश्वरी धनकर अनुशासन समिति की सदस्य होंगी। धमधा-गंडई राज के जिलाध्यक्ष शंकर पाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी है।

### जैन समाज ने मनाया दशलक्षण पर्व



**छुईखदान।** दिगम्बर जैन समाज छुईखदान ने श्रद्धा और उत्साह के साथ दशलक्षण पर्व मनाया। इस पावन अवसर पर समाज के अनेक श्रद्धालु और सामाजिक जन एकत्रित हुए और पर्व की गरिमा को बढ़ाया। समाज के वरिष्ठ सदस्य सुधीर जैन ने बताया कि जैन धर्म में दशलक्षण पर्व का काफी महत्व है। इस पर्व में आत्मशुद्धि, संयम और धर्म के दस लक्षणों को जीवन में उतारने का प्रयास किया जाता है। पर्व के दौरान पूजा-अर्चना, प्रवचन, भजन और स्वाध्याय का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सुधीर जैन, अशोक पंचरत्न, राजकुमार जैन, नीरज जैन, शैलेश जैन, छोटे, गोलू, नवनीत जैन, संजय जैन, अनिल जैन, अजय जैन, दीपक जैन, अनूप जैन, अमृत जैन, नवीन जैन, राजेश जैन, संदीप जैन, संजीव जैन आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सेजेस के छात्र का फेंसिंग स्पर्धा के लिए चयन



**गंडई पंडरिया।** पीएमश्री स्व लाल मूरत सिंह ख़ुशरो अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई के छात्र आकिल कुरैशी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कक्षा 9वीं के छात्र आकिल का चयन फेंसिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वह कैडेट अंडर 17 बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। आकिल ने राज्य स्तरीय ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह स्थान बनाया। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 8 सितंबर से उत्तराखंड के हल्द्वानी में रखी गई है। इस सफलता का श्रेय आकिल के साथ व्यायाम शिक्षक प्रिंकेश कश्यप और फेंसिंग कोच अजय गोंड को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में अकील ने यह मुकाम हासिल किया।आकिल की इस उपलब्धि से गंडई नगर और विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राचार्य पवन कुमार ददरया सहित सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने छात्र को बधाई दी है।

### जिपं सदस्य शताक्षी ने की ग्रामीणों से मुलाकात



**खैरागढ़।** ब्लाक के ग्रापं बिड़ौरी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिपं सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह शामिल हुईं। जनपद सदस्य उमेश वर्मा, सरपंच आशीष राजपूत, मन्नू वर्मा, कृष्ण कुमार, बबला वर्मा, लीलाधर साहू, हरूप राजपूत, अनिल साहू सहित पंचायत प्रतिनिधियों और नवयुवा गणेश समिति के सदस्यों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में जिपं सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह ने ग्राम विकास की दिशा में और अधिक मेहनत करके बिड़ौरी को नई ऊंचाईयों तक ले जाने हर संभव प्रयास का वादा किया। ग्रामवासियों से सीधी मुलाकात दौरान उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों से गांव में सड़क, पानी, स्कूल संबंधित या अन्य किसी प्रकार की समस्या की जानकारी ली और कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सीधे संपर्क कर सकते है। इस दौरान ग्रामीणों अपनी विभिन्न समस्याओं को उनके सामने रखा और समाधान को लेकर चर्चा की।

### विद्यार्थियों ने नारे लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में शनिवार को स्वच्छता महाअभियान के तहत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया। अभियान में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा एवं जनभागीदारी सदस्य गितेश गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर एसआर कनोजे और प्रो. आसानंद माखीजा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का संदेश देते कहा कि स्वच्छता केवल एक दिवस का अभियान नहीं, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने परिसर की साफ-सफाई में सक्रिय भागीदारी की और नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

### महावीर चौक पर वोट चोर-गद्दी छोड़ सभा का आयोजन

# वोट चोरी आंदोलन का समर्थन कांग्रेस सेवा दल ने किया सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वोट चोरी के मामले में राहुल गांधी द्वारा निकली जा रही यात्रा का कांग्रेस सेवा दल ने समर्थन करते आज शहर के महावीर चौक पर वोट चोर गद्दी छोड़ सभा का आयोजन करते सत्याग्रह किया। इस दौरान सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अरूण ताम्रकार ने यहां आयोजित कार्यक्रम से पूर्व कांग्रेस सेवादल का ध्वजारोहण किया और ध्वज को सलामी दी।

केंद्र की मोदी सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाते लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग को इस मामले में घेरा है और इसके खिलाफ यात्रा निकालकर प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसका समर्थन करते कांग्रेस सेवा दल द्वारा सत्याग्रह आंदोलन किया गया।

#### विभिन्न वक्ताओं ने किया संबोधित

कांग्रेस सेवा दल द्वारा आयोजित इस सत्याग्रह आंदोलन को कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित करते केंद्र की मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग को आड़े हाथों लिया और अपने प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार को गद्दी छोड़ने नारेबाजी की। सत्याग्रह के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी व पूर्व मंत्री धनेश पटिला, भागवत साहू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, हेमा देशमुख, मामराज अग्रवाल, सुदेश देशमुख, पंकज बांधव, थानेश्वर पटिला, अमित खंडेलवाल, सूर्यकांत जैन, अशोक फड़नवीस सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### सेवादल ने किया ध्वजारोहण



#### जनता के वोट अधिकार की लड़ाई

कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अरूण ताम्रकार ने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सेवा दल द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम किया जाता है। आज का कार्यक्रम राजनांदगांव में आयोजित था और इसके साथ ही वोट चोट गद्दी छोड़ के आयोजन को समर्थन करने यहां सत्याग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान की रक्षा, जनता के अधिकतर, लोगों के वोट अधिकार को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जिसका सभी कांग्रेसजनों ने इस मंच से समर्थन किया है।

#### यहां भी हुई थी गड़बड़ी, पर नहीं हुई कार्रवाई

सेवादल द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि निर्वाचन आयोग की विश्वसनीय तार-तार हुई है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में भी निर्वाचन आयोग की गड़बड़ी सामने आई थी। जिसमें विधानसभा चुनाव के दौरान बूथ नंबर 123 के 964 मतों की गिनती नहीं की गई। वहीं उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान बूथ नंबर 91 में जिसका नाम मतदाता सूची से डिलीट हो गया था, उसने वोट डाला और उस व्यक्ति को पार्षद चुनाव में भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया। इसके बाद कांग्रेस ने लिखित शिकायत की पर कार्रवाई नहीं हुई। निर्वाचन आयोग ने सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध नहीं कराया।

## सड़क सुरक्षा पर वाद विवाद प्रतियोगिता




**मोहला।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहला में किया गया। इस आयोजन में प्रत्येक संकुल से एक टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सड़क सुरक्षा तथा यातायात संबंधी नियमों की गहन जानकारी के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहला के विद्यार्थी प्रथम, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोहला के विद्यार्थी द्वितीय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलकन्हार के विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे।

इस प्रतियोगिता के नोडल दीपक राजपूत ने बताया कि विजेता बच्चों को 2500, 1500, 1000 का नगद पुरस्कार तथा शेष विद्यार्थियों को 1000 का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता आगामी समय में जिला स्तर पर होगी। वहां भी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान यातायात प्रभारी शेषनारायण देवांगन ने बच्चों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। प्रतियोगिता के संचालक बीईओ राजेंद्र कुमार देवांगन ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों को प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल शिशुपाल मलगाम, दुष्यंत भुआर्य, साक्षर भारत के जिला नोडल चैताली मैथ्यू, नूतन सिंह साहू, दीपक कुमार राजपूत, कौशल कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

## दूध मोगरा गंडई ने शानदार प्रस्तुति से मोहा सबका मन



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत रंग परब उत्सव में गंडई के प्रतिष्ठित लोक कला समूह दूध मोगरा गंडई ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। गत 29 से 31 अगस्त तक रायपुर के मुक्ताकाशी मंच पर हुए इस आयोजन में समूह ने लोकप्रिय लोकनाट्य अक्कल बड़े के भइंस प्रस्तुत किया।

एक सुखद संयोग है कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है, वहीं दूध मोगरा गंडई भी अपनी स्थापना के 49 वर्ष पूर्ण कर चुका है। समूह के लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से वाहवाही लूटी और दर्शकों को हँसाया। बताया गया कि अक्कल बड़े के भइंस एक पारिवारिक नाटक है जो छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और देवारी पर्व पर आधारित है। इस नाटक का अब तक 1200 से अधिक बार मंचन हो चुका है। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, ओडिशा, झारखंड, उत्तरप्रदेश और दिल्ली में भी मंचन किया जा चुका है। समूह को लोककला के प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय सम्मान मिल चुके हैं। दूध मोगरा गंडई की सबसे खास बात यह है कि इसमें पहली पीढ़ी से लेकर तीसरी और चौथी पीढ़ी के कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। गौतम जैन, द्वारिका यादव, जीवनलाल गंधर्व जैसे कलाकारों के साथ सरस्वती निषाद, सुखियारिन मानिकपुरी, पीसीलाल यादव, और युवा कलाकार छत्तीसगढ़ की लोक कला को देश भर में फैला रहे हैं।

समूह के सदस्य द्वारिका राम यादव ने बताया कि 15 अगस्त 2026 को दूध मोगरा गंडई अपनी रजत जयंती वर्ष धूमधाम से मनाएगा, जिसकी तैयारी अभी से शुरू हो चुकी है। इस अवसर पर एक वृहद स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी।

## फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने वालों पर जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी वनांचल में फर्जी नियुक्ति पत्र के माध्यम से जिला मुख्यालय मोहला में पदस्थ लोगों की जांच की मांग को लेकर अदिवासी समाज ने ज्ञापन सौंपा था।

गोड़ समाज के पूर्व संभाग अध्यक्ष जगतराम सलामे ने कहा कि इसके बाद भी दोषियों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हो पाई है। यदि सरकार द्वारा दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संभाग स्तरीय गोड समाज मोहला एवं सर्व आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वावधान में धरना प्रदर्शन रैली कर सरकार को अवगत किया जाएगा। नौ लोगों के पास नियुक्ति से संबधित कोई भी वैध कागजात नहीं है, जो पूरा फर्जी व गलत है। शासन के नियम-कानून की धज्जियां उड़ाने वाले ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि ऐसे कृत्य से स्थानीय बेरोजगार साथियों का हक का हनन करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। सरकार उनकी जांच त्वरित करें और जो पद रिक्त होगी, उसे स्थानीय शिक्षित बेरोजगारी को आबंटित करें।

## डिस्ट्रिक्ट 2.0 पोर्टल को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

### जिले के सभी लोकसेवा केन्द्र के आपरेटर रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में नागरिक सेवाओं को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 पोर्टल उपयोग संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान अविनाश ठाकुर और ईडी नोडल रेणुका रात्रे सहित जिले के सभी लोक सेवा केन्द्र व सीएससी ऑपरेटरो की मौजूदगी में आयोजित कार्यशाला में ईडीएम मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि नया पोर्टल डिजिटल इंडिया अभियान को और मजबूती देगा और नागरिकों को पहले से अधिक तेज़, सुविधाजनक और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करेगा। अब नागरिक आय, जाति, निवास, विवाह पंजीयन, दुकान स्थापना, भवन निर्माण अनुज्ञा, गुमास्ता पंजीयन, नल कनेक्शन और पेंशन योजनाओं जैसी प्रमुख सेवाएं ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जाति प्रमाण पत्र जारी करने की समय सीमा 15 दिन से घटाकर 7 दिन कर दी गई है। इसके अलावा, यदि अनुमोदनकर्ता समय पर निर्णय नहीं लेते हैं तो पेनाल्टी का प्रावधान भी लागू किया गया है। यह व्यवस्था सेवा वितरण की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी।

#### स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं पर विशेष सत्र

कार्यशाला के दूसरे चरण में सिविल अस्पताल खैरागढ़ के डॉ पंकज वैष्णव ने आयुष्मान भारत योजना और आयुष्मान वय वंदन कार्ड पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में निवासरत 70 साल से अधिक आयु के सभी नागरिकों का वय वंदन कार्ड बनाया जाएगा। इस कार्ड के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को हर साल लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज का लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे ग्रामीण अंचल तक इस योजना की जानकारी पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हो सकें। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में सीएससी जिला समन्वयक अवधेश साहू ने एग्रीटेक पोर्टल के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने लोक सेवा और सीएससी ऑपरेटरों से कहा कि वे अपने आसपास के किसानों को इस पोर्टल से जोड़ें। एग्रीटेक पोर्टल के माध्यम से किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी जानकारियां, योजनाओं के लाभ और सरकारी सुविधाएं सीधे उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इससे किसानों की आय बढ़ाने और कृषि कार्यों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

### स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को किया जागरूक

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा को लेकर डाइट में वाद-विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को जागरूक करने जिला शिक्षा मिशन प्राधिकारण द्वारा डाइट मे सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, डीईओ लालजी द्विवेदी, डाइट प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा, पार्षद मोनिका रजक, नंद चंद्राकर और रूपेंद्र रजक की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में उक्त थीम की महत्ता को प्रतिपादित करने जिला स्तरीय वाद विवाद स्पर्धा भी हुई जिसमे खैरागढ़ छुईखदान ब्लाक के तीन तीन शालाओं के बच्चों ने भाग लेकर पक्ष विपक्ष पर विचार और मत साझा किया। यातायात सुरक्षा को लेकर जानकारी ली और दी। स्पर्धा में प्रथम बढ़ईटोला उमावि, द्वितीय पीएमश्री सेजेस गंडई और सेजेस खैरागढ़ तृतीय स्थान पर रहे जिन्हें अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व शील्ड सहित नगद राशि दिया गया वही अन्य टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।



स्पर्धा में निर्णायक जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, जिला कार्यक्रम अधिकारी मबाविवि पीआर खुटेल, सेनि शिक्षक विजय झा, व्याख्याता किरण सिंह, ईश्वर ठाकुर, सूरज देवांगन और यातायात प्रभारी शक्ति सिंह ने स्पर्धा मे विषय को लेकर पक्ष विपक्ष के वाद संवाद, विषय वस्तु, तर्क वितर्क और संपूर्ण प्रदर्शन को देखते हुए निर्णय लिया। इस दौरान समग्र शिक्षा नोडल आतमाराम साहू, एपीसी श्रीश पांडेय, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, बीईओ रमेंद्र डड़सेना, संकुल समंवयक गंगूराम टंडन, कमल देवांगन सहित जिला स्तर समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमल वर्मा व आभार प्रदर्शन नेहरूलाल वर्मा ने किया।

#### यातायात का करें पालन

कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने बच्चों को यातायात नियमों का खुद पालन करने और परिवार के सदस्यों को पालन करने प्रेरित करने कहा साथ ही बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने से बचने की अपील की। डीईओ लालजी द्विवेदी ने कहा कि पहले स्कूली बच्चों के पाठ्यक्रम में एक पाठ द रूल आफ द रोड हुआ करता था जिसमें यातायात के नियमों और संकेतकों को विस्तार से समझाया गया था। डाइट के प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा ने बताया कि यातायात के सामान्य नियमों की जानकारी और हेलमेट के अभाव में रोज सत्तर से उपर आदमी अपनी जान गंवा रहे है इसलिए आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा को लेकर हम सब जागरूक हो। यातायात प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह ने वाद विवाद स्पधा में शामिल सभी बच्चों से सामूहिक चर्चा की और अठारह साल की उम्र पूरी करने तक वाहन चलाने से बचने कहा।

## अमित के परिवार से मिली रानी विभा सिंह



- किसी भी सहयोग के लिए दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते जुलाई महिने में हुई मूसलाधार बारिश के चलते ईतवारी बाजार में आई बाढ़ के दौरान खुले नाले में बह गए युवक अमित यादव के परिवार से रानी विभा देवव्रत सिंह ने मुलाकात की। शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की घड़ी में वो उनके साथ खड़ी है किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए परिवार निसंकोच मिल सकता है।

इस दौरान नपा उपाध्यक्ष व पार्षद अब्दुल रज्जाक खान, दाऊचौरा मंडल कांग्रेस अध्यक्ष राजा सोलंकी, मुकेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। गौरतलब है कि जुलाई महीने में आई बाढ़ से ईतवारी बाजार का पूरा इलाका जलमग्र हो गया था इस दौरान तुरकारी पारा के यादव परिवार का इकलौता बेटा शीतला मंदिर के पास पानी में अठखेलियॉ कर रहा था, लेकिन खुले नाले में बहने से उसकी मौत हो गई।

छै महीने पहले पति की मौत के बाद एकलौते बेटे की मौत से पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। विधायक यशोदा वर्मा, रानी विभा देवव्रत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी यादव परिवार के हर संभव सहयोग का वादा किया है।




## सार समाचार

### 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** दरोगा/वार्ड प्रभारी, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पदाधिकारियों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर बताया कि स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक/सफाई दरोगा/वार्ड प्रभारी को पेट्रोल भत्ता, बांबे सफाई कामगार समिति के कर्मचारियों की लंबित 4 माह का वेतन भुगतान, बॉम्बे सफाई कामगार समिति के कर्मचारियों की लंबित वर्ष 2022 से पीएफ की राशि की भुगतान, सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रीमति राधाबाई/मुखलाल (कैंसर पीड़ित) को सेवानिवृत्त उपरांत दिए जाने वाली लंबित राशि का भुगतान, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की लंबित 14 माह की ईपीएफ राशि जमा कराए जाने एवं नियमित अधिकारी-कर्मचारियों की लंबित सीपीएफ राशि जमा कराए जाने की मांग शामिल है। इस दौरान पदाधिकारियों में संघ अध्यक्ष प्रवीण झा, महामंत्री सपन साहू, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शीला सोनवानी, सचिव राकेश ठाकुर, सह-सचिव कमलेश रामटेके, कोषाध्यक्ष नेतुराम सोनवानी, सह कोषाध्यक्ष गणेश सातर, मीडिया प्रभारी सुनील घडश्याम, सह-मीडिया प्रभारी विजेंद्र दास मानिकपुरी, सह- मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास, सह-व्यवस्थापक प्रभारी दसरू भारती, राजेश झा, सदस्य गजानंद वैष्णव एवं फग्गुबाई उपस्थित थे।



### अभाविप ने फिर से पोर्टल खोलने रखी मांग

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर कॉलेजों में प्रवेश पोर्टल को फिर से खोलने की मांग की है। अभाविप के मुताबिक विश्वविद्यालय के वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश पोर्टल पहले ही बंद कर दिया गया है। जिससे कई योग्य विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर छीन गया है। नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि इस वर्ष तकनीकी कारणों, जानकारी की कमी और व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण कई छात्र-छात्राएं समय पर पंजीकरण नहीं कर पाए थे। उनका कहना था कि पोर्टल का अचानक बंद होना विद्यार्थियों के भविष्य के लिए संकट उत्पन्न कर रहा है। शिक्षा का अधिकार हर छात्र का मौलिक अधिकार है और यदि पोर्टल पुनः शुरू नहीं किया गया, तो यह विद्यार्थियों के साथ गंभीर अन्याय होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर सह मंत्री भूपेंद्र पाल, नगर कार्यकारिणी सदस्य प्रवीन, कामेश नायक, जितेश, रमेश सहित अन्य कॉलेज विद्यार्थी भी उपस्थित थे। अभाविप ने विश्वविद्यालय प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है, ताकि वंचित विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर मिल सके।



### मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**राजनांदगांव।** दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, भौतिक शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पीबी टांक, सहायक प्राध्यापक डॉ. एसके पटेल, एलपी उर्वशा, अतिथि व्याख्याता डॉ. आरके देशमुख एवं नितेश बंजारे मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य ने बताया कि किस प्रकार चंद्रयान-3 की सफलता पर इस दिवस की शुरूआत हुई थी एवं इस उपलब्धि का असली श्रेय हमारे भारतीय वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष यात्रियों एवं शोधार्थियों को दिया जाना चाहिए। उन्होंने विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रमों का हमारे जनजीवन पर प्रभाव बताते ऑपरेशन सिंदूर का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रण लेना चाहिए कि हम अपनी क्षमताओं को बढ़ाएं एवं भारत को विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में और आगे बढ़ाए। इसी कड़ी में विभाग के छात्रों का चयन कर स्नातकोत्तर परिषद का गठन किया गया। चयनित छात्रों को अपनी दायित्वों को निर्वहन करने एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। तत्पश्चात विभाग के सहायक प्राध्यापक लेखाप्रसाद उर्वशा ने बताया कि जिस प्रकार अंतरिक्ष की सीमाएं अनंत है, उसी प्रकार मनुष्य की क्षमताएं भी अनंत है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार इतने अभावों के बावजूद हमारे देश ने अंतरिक्ष कार्यक्रमों में इतनी सफलता प्राप्त की है। सहायक प्राध्यापक डॉ. एसके पटेल ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों के इतिहास की जानकारी विभिन्न चरणों में विभाजित करते दी। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को हमारे वैज्ञानिको से धैर्य बनाए रखने की सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को जोड़ते आधुनिक तकनीकी के क्षेत्र में बढ़ना चाहिए। अतिथि व्याख्याता डॉ. आरके देशमुख ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की जानकारी प्रदान करते छात्रों को प्रेरित किया। अतिथि व्याख्याता नितेश बंजारे ने पीपीटी के माध्यम से प्राचीन से लेकर आधुनिक वैज्ञानिकों के महत्त्वपूर्ण योगदान का महत्व याद दिलाया। विभागाध्यक्ष डॉ. पीबी टांक ने कहा कि असफलता ही सफलता की दिशा में पहली सीढ़ी होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में बीएससी एवं एमएससी के लगभग 57 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।



### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत छुरिया तहसील अंतर्गत आग से 2 जनहानि होने पर 8 लाख रुपए, तालाब के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं सर्पदश से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रुपए, कपड़ा व बर्तन आंशिक क्षति होने पर 2500 रुपए तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत तालाब के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, सर्पदंश से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

### गांव-गांव सहित संस्कारधानी में श्रीगणेशोत्सव की धूम

# बप्पा के भक्ति की बयार, पूजा पंडालों में उमड़ रही भक्तों भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में श्रीगणेशोत्सव की धूम है। खासकर संस्कारधानी में पारंपरिक रूप से पर्व मनाया जा रहा है। पूजा पंडालों में एक से बढ़कर एक आकर्षक श्रीगणेश मूर्तिया स्थापित की गई है। जिनके दर्शन हेतु बड़ी संख्या में भक्त सपरिवार पहुंच रहे हैं। देर शाम तक सजावट की रौशनी से चकाचौध एवं लोगों की उपस्थिति से पर्व की भव्यता बनी हुई है।

श्रीगणेश चतुर्थी से जिले के गांव-गांव एवं संस्कारधानी में महोत्सव की धूम है। पूजा-अर्चना के साथ ही बप्पा के जयकारों की गूंज बनी हुई है। शहर की छोटी-बड़ी समितियों द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है। वहीं एक से बढ़कर एक विविध रूपों में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई है।



#### कई स्थानों पर विराजे गणपति

शहर में सभी इलाके गुडाखू लाइन, कामठी लाइन, रामाधीन मार्ग, गंज चौक, भारतमाता चौक, सदर लाइन, आजाद चौक, दुर्गा चौक, दिग्विजय चौक, नंदई, लखोली, बसंतपुर, बस स्टैंड, ममता नगर, तुलसीपुर, मोतीपुर, नवागांव, स्टेशनपारा, चिखली, शंकरपुर, शांतिनगर, इंदिरानगर, लालबाग सिंधी कालोनी, ठेठवारपारा, जमातपारा, अनुपम नगर, मोहारा, कन्हारपुरी, गौरीनगर, फ्लाई ओवर के नीचे सहित कई स्थानों पर विभिन्न समितियों द्वारा पूजा पंडाल बनाकर भगवान श्रीगणेश की मूर्तियां स्थापित की गई है।

#### श्रद्धालु हो रहे भावविभोर

पूजा पंडाल को जहां भव्य रूप और साज-सजावट पर समितियों द्वारा विशेष ध्यान दिया गया है। वहीं दूसरी ओर भगवान श्रीगणेश की एक से बढ़कर एक मूर्तियां स्थापित की गई है। सुबह-शाम विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ ही विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। शहर में शाम होते ही लोग सपरिवार विभिन्न साधनों से घूम-घूमकर कर पूजा पंडालों में पहुंचकर मूर्तियों के दर्शन कर भाव-विभोर हो रहे हैं।

#### शाम होते ही उमड़ रही भक्तों की भीड़

मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। शाम होते ही शहर में दर्शनार्थियों की उपस्थिति से चहल-पहल का माहौल बना हुआ है। आगामी दिनों में भक्तों की भीड़ और भी बढ़ने की संभावना है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी भक्तों का शहर आगमन का दौर शुरू हो चुका है। भक्तों का रेला श्रीगणेश विसर्जन तक बने रहने की संभावना है। इधर भक्तों की उमड़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अलर्ट है।

### जिपं सभापति यदु आज गांवों का करेंगी दौरा

**राजनांदगांव।** गणेश चतुर्थी पर्व पर डोंगरगांव क्षेत्र में जगह-जगह विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश पंडाल लगाकर प्रतिमा स्थापित की गई है। राजनांदगांव जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु कल 1 सितंबर को डोंगरगांव विधानसभा की विभिन्न ग्रामों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भगवान श्रीगणेश विघ्नहर्ता की पंडाल पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगी। वह ग्राम गिरगांव, दीवानभेडी, पेंडरवानी, दीवानझिटिया, जारवाही सहित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में दौरा करेंगी।



पृष्ठ 07 का शेष

#### भक्तों को लुभा रहे...

इस पंडाल में छत्तीसगढ़ी परिधान में एक महिला को करधन, सुता, मुंदरी सहित अन्य पारंपरिक श्रृंगार में दिखाया गया है, जो चूल्हे में तवे पर रोटियां बना रही है। वहीं भगवान गणेश को अपने बाल सखा के पीठ पर सवारी करते दिखाया गया है, जो खुशहाल परिवार के साथ छत्तीसगढ़ की समृद्धि को दर्शा रहा है।

## संदिग्धों की पहचान के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाहर से आए मुसाफिरों, फेरी वालों, अवैध अप्रवासी भारतीय तथा अन्य गुंडा बदमाश व संदिग्धों की पहचान हेतु पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में चोरी, लूट, झपटमारी, चाकूबाजी, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि की घटना की रोकथाम के लिए 29 अगस्त को 50 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पुलिस चौक चिखली क्षेत्र के 16 खोली, शिवनगर, शंकरपुर, शांतिनगर एवं मोतीपुर क्षेत्र के विभिन्न घरों को चेक किया गया। उनमें रहने वाले लोगों की भी तलाशी ली गई। वहां रह रहे मकान मालिकों, किरायेदार व अन्य बाहरी मुसाफिरों की भी चेकिंग की गई।



#### मुसाफिरों की चेकिंग

चेकिंग के दौरान लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस आदि चेक कर तस्दीक किया गया। गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश तथा उपद्रवी तत्वों की भी चेकिंग की गई। इस प्रकार जिले के अन्य संदिग्ध इलाकों में कॉबिंग गश्त एवं चेकिंग आगे भी जारी रहेगी। इसी प्रकार थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र के गुंडा बदमाश व संदिग्धों की पहचान हेतु 25 से अधिक पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में इंदिरानगर, प्रभात नगर क्षेत्र के घर को चेक किया गया।

## हीरो एशिया कप मैच में शामिल हुए फिरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिहार के राजगीर में आयोजित हीरो एशिया कप के पहले दिन बांग्लादेश ने चीन-ताईपे को 7-2 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में हॉकी इंडिया के जॉइंट सेक्रेटरी फिरोज अंसारी और राजगीर के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने बतौर अतिथि उपस्थित होकर खिलाड़ियों से मुलाकात की। फिरोज अंसारी ने बांग्लादेश के खिलाड़ी अब्दुल्लाह मोहम्मद (15) को हीरो ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया।

दूसरे मैच में कोरिया ने मलेशिया को चुनौती दी। इस मैच के दौरान फिरोज अंसारी ने बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री और विधायक राजगीर तथा अध्यक्ष हॉकी बिहार श्रवण कुमार के साथ खिलाड़ियों से परिचय लिया और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ, हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की, पूर्व ओलंपियन असलम शेर खान, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष मनोहरन जे. शेखरन, हॉकी इंडिया के डायरेक्टर जनरल कमांडर आरके श्रीवास्तव समेत अन्य उपस्थित रहे।



## कम्युनिकेशन स्किल्स पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं के हॉस्टलर विद्यार्थियों के लिए कम्युनिकेशन स्किल्स पर एक प्रभावशाली कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को प्रसिद्ध एनएलपी और संपूर्ण मस्तिष्क चिंतन ट्रेनर दीप्ति बिंदल तथा अर्पण सैमुअल मसीह पीजीटी इंग्लिश द्वारा संचालित किया गया। विद्यार्थियों के लिए इंटरैक्टिव और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत इंप्रेसिव कम्युनिकेशन से अधिक एक्सप्रेसिव कम्युनिकेशन विषय पर चर्चा से हुई, जहां दोनों वक्ताओं ने विद्यार्थियों को यह प्रेरणा दी कि वे दूसरों को प्रभावित करने के बजाय सच्ची भावना और रचनात्मक अभिव्यक्ति के साथ स्वयं संवाद करना सीखें। उन्होंने समझाया कि जब संचार में प्रमाणिकता और भावनाएं होती हैं, तभी वह सार्थक बनती है और उसका असर श्रोताओं पर सार्थक पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वर के उतार-चढ़ाव, मैचिंग और मिररिंग तकनीकी से अवगत कराया। उन्होंने सहानुभूति के महत्व बताते कहा कि सहानुभूति किसी के मन की बात को जानने की चाबी है। प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स को विकसित करने में इसका बड़ा योगदान होता है। उन्होंने व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि आवाज का लहजा और शारीरिक हाव-भाव संवाद को काफी प्रभावी बनाता है। ये सभी तत्व संबंधों पर काफी गहरा प्रभाव डालते हैं। इसके अलावा एक विशेष सत्र बोलने में हिचकिचाहट दूर करने पर भी केंद्रित रहा।

उन्होंने सरल तकनीकों और रोचक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे आत्मविश्वास के साथ सभी चर्चाओं में भाग लें, चाहे वह कक्षा में हो या बाहर अपने मित्रों के साथ। इस सत्र ने न केवल उनके कम्युनिकेशन स्किल्स की समझ को गहरा किया, बल्कि उनमें यह आत्मविश्वास भी जगाया कि वे हॉस्टल जीवन और आगे के जीवन में प्रभावी संवाद कर सकें। विद्यार्थियों ने इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते कहा कि यह उनके शैक्षणिक विकास, व्यक्तिगत प्रगति और सफल भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। कार्यशाला की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य और प्रबंध समिति ने हर्ष प्रकट किया है।



### वार्डों में गूंजा मन की बात

**राजनांदगांव।** भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन एवं उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया के नेतृत्व में भाजपा उत्तर मंडल ने रविवार को 24 वार्डों में से 23 वार्डों में मन की बात का 125वां संस्करण का सीधा प्रसारण का आयोजन किया। वार्ड क्र. 05 और 06 में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव शामिल हुए। अन्य वार्डों में भी सम्मानित अतिथियों ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।






## मेजर ध्यानचंद जयंती पर निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव तथा समस्त खेल संघ के संयुक्त तत्वावधान में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में नगर के खेलप्रमियों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर सुबह 7.30 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से खिलाड़ियों द्वारा रैली निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए गौरवपथ स्थित मेजर ध्यानचंद स्मारक पहुंची। इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद, एरमन आर. बेस्टीयन (ओलंपियन) एवं आरएन पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात रैली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पहुंची, जहां संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। संगोष्ठी सभा में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय व अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव ने की।

विशेष अतिथि के रूप में छग हॉकी संघ अध्यक्ष फिरोज अंसारी, आईटीबीपी कमांडेंट मनोज कुमार भागुन, अंतर्राष्ट्रीय व्हालीबाल खिलाड़ी रेखा पदम, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी परमजीत सिंह, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी लुमेन्द्र साहू शामिल थे।

इस अवसर पर सांसद पांडे ने कहा कि मेजर ध्यानचंद जिन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता है, का जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में हुआ था और उनका निधन 3 दिसंबर 1979 को हुआ। अध्यक्षता करते महापौर श्री यादव ने कहा कि जो बच्चे आज इस खेल से जुड़े हैं, वो अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाकर खेले। जिससे वह अपने शहर का नाम पूरे देश में रौशन करेंगे।

छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का आगमन सन्‌ 1971 में राजनांदगांव की धरती पर हुआ था। हॉकी की नर्सरी की उपाधि राजनांदगांव को मेजर ध्यानचंद द्वारा दी गई थी तथा उनको नगर भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें राजनांदगांव के हर गली में हॉकी खेलते बच्चे को देखा था। साथ ही दादा ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दादा की खेल कौशल की बदौलत भारत को ओलपिंक में 4 गोल्ड मेडल प्राप्त हुए थे।





### उपमुख्यमंत्री पटेल (मरार) समाज का जिला स्तरीय शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिल

# पटेल समाज मेहनत, लगन और ईमानदारी का प्रतीक है: विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार को कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में पटेल (मरार) समाज द्वारा आयोजित जिला पदाधिकारी शपथ ग्रहण एवं जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सहित मंचासीन अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं मां शाकंभरी देवी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से की। सभी ने समाज की एकता और प्रगति की मंगलकामना की। उपमुख्यमंत्री ने समारोह में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 150 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शासकीय सेवा में एक वर्ष के भीतर नियुक्त 15 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों और 53 जनप्रतिनिधियों पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य को भी सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि पटेल समाज ने पुरानी परंपराओं और संस्कृतियों को आज भी जीवित रखा है। समाज खेती-किसानी के क्षेत्र में अपनी मेहनत और लगन से पूरे प्रदेश में पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि पटेल समाज के लोग बहुत ही सरल, सहज और आत्मीय स्वभाव के होते हैं। मेहनत और ईमानदारी इनके जीवन का आधार है। अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि खेती-किसानी केवल आजीविका का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और समाज की पहचान है। पटेल समाज ने अपनी मेहनत से प्रदेश की कृषि उत्पादन में अहम योगदान दिया है। आज की युवा पीढ़ी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, लेकिन अपनी जड़ों से जुड़े रहकर समाज और प्रदेश की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर ईश्वरी साहू, विजय पाटिल, श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, संतोष पटेल, वीर सिंह पटेल, परदेशी पटेल, धर्मेंद्र पाटिल, शंकर पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

**समनापुर में भवन निर्माण कराने की घोषणा**



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समाज की मांगों को पूरा करते हुए महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने ग्राम समनापुर में 50 लाख रुपए की लागत से भवन निर्माण कराने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम जोराताल चौक पर मां शाकंभरी देवी का भव्य चौक विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को उपमुख्यमंत्री ने शपथ दिलाई और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पटेल समाज मेहनत, लगन और ईमानदारी का प्रतीक है। समाज की युवा पीढ़ी शिक्षा और सेवा क्षेत्र में आगे बढ़कर प्रदेश और देश का नाम रौशन कर रही है। ऐसे सम्मान समारोह न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि पूरे समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कामठी में खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर



विकासखण्ड पंडरिया के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में खेल के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर खेल दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस दिन विद्यालय प्रांगण में खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और मनोरंजन का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया। तत्पश्चात व्यायाम शिक्षक कोमल धृतलहरें के मार्गदर्शन में विभिन्न मनोरंजक और प्रतियोगी खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें गोली-चम्मच दौड़, मेढ़क दौड़, पंजा चैलेंज, बाल पासिंग जैसे खेल प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने उत्साह और जोश के साथ सभी खेलों में भाग लिया। खेलों के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी फुर्ती और कौशल का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय प्राचार्य आरएन राजपूत ने उन्हें आगे भी खेलों में भाग लेकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर व्याख्याता राजेश शर्मा, शिक्षक सुमित तिवारी, श्री कुंभकार, श्री यादव सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। कार्यक्रम का समापन विजेताओं को शुभकामनाएं और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने इसे खेल भावना, अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताया।

### झेरिया यादव समाज ने रावत उपनामधारी वर्ग को केंद्रीय (ओबीसी) सूची में शामिल करने कि मांग की



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में झेरिया यादव समाज ने रावत उपनामधारी वर्ग को केंद्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल करने की मांग को लेकर व्यापक ज्ञापन अभियान चलाया है, समाज के प्रतिनिधियों ने लगभग सभी जिलों में जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा गया। इसी तरह जिले के कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया तथा आयोजित ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाज जिलाध्यक्ष धनीराम यादव, गोलू यादव जिला सचिव, परदेसी यादव जिला उपाध्यक्ष, संजय यादव, भुलाऊ यादव, भुवनेश्वर यादव, संगठन मंत्री गनपत यादव, सेवाराम यादव, तुलसी यादव, शत्रुहन यादव, रामावतार यादव, कनस यादव, भारत यादव, नरसिंह यादव, परस यादव, भावत यादव, द्वारिका यादव, माखन यादव, रामेश्वर यादव, नरोत्तम यादव, महेत्तर यादव, अजय यादव, पुन्नी राम यादव, धर्मेंद्र यादव, रवि यादव, गोपी यादव, संतराम यादव, भादू राम यादव सहित समस्त झेरिया यादव समाज उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### अभाविष के कार्यकर्ताओं ने मेजर ध्यानचंद जयंती किया गया पौधरोपण



**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई पाण्डातराई के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु कदम का पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर मंत्री हिरेंद्र बघेल, नगर सह मंत्री खेमलाल साहू, मिथुन यादव, श्यामसुंदर साहू, रतना चंद्रवंशी, तनु मनीषा उपस्थित थें।
नगर मंत्री हिरेंद्र बघेल ने कहा कि मेजर ध्यानचंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी खेल भावना और अनुशासन आज भी हर विद्यार्थी और खिलाड़ी को राष्ट्रहित में कार्य करने का संदेश देती है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय साहू ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन अनुकरणीय है। उनका खेल के प्रति समर्पण हमें कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव राष्ट्रपुरुषों की जयंती पर ऐसे प्रेरणादायी कार्यो को करते हुए युवाओं को जागरूक करने का कार्य करती है।
कार्यक्रम का संचालन इकाई कार्यकर्ताओं ने किया और अंत में सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# दवा विक्रेता संघ का शपथ ग्रहण व पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला दवा विक्रेता संघ का त्रि-वर्षीय आमसभा एवं शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया एवं पूर्व सैनिकों के सम्मान हेतु एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव अधिकारी आनंद प्रकाश दानी, सहायक चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश चंद्रवंशी, नवीन साहू एवं ढालेन्द्र साहू की उपस्थिति में अध्यक्ष अनिल दानी, सचिव अमित बरडिया एवं कोषाध्यक्ष डेविडचंद खत्री को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर अविनाश अग्रवाल, महासचिव सीसीडीए एवं देवव्रत गौतम, सहसचिव सीसीडीए ने उपस्थित नव पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इस शपथ ग्रहण समारोह के प्रथम सत्र में प्रमाण पत्र वितरण के उपरांत फर्स्ट ऐड प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिला अस्पताल के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सलिल मिश्रा, डॉ हर्षित टुवानी एवं संजीवनी 108 के जोनल मैनेजर जीवन कौशिक ने प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी प्रदान की। समारोह के द्वितीय सत्र में एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के लगभग 25 पूर्व सैनिकों एवं पत्रकार बंधुओं को संघ द्वारा सदस्यों को पुष्पमाला, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में समाजसेवी एसएस जैन, आनंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में दवा विक्रेता संघ के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। साथ ही संघ अध्यक्ष अनिल दानी ने कहा कि पूर्व सैनिकों का सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने उनके देश सेवा के योगदान को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए दवा विक्रेताओं को समाजसेवा और मानवीय संवेदनाओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# बिजली, सड़क, शिक्षक, खाद की किल्लत जैसे सुविधा लाभ से वंचित ग्रामीण

## ग्रामीण अपने हक के लिए धरना प्रदर्शन व विज्ञापन सौपने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

ग्रामीण क्षेत्रो में छोटे-छोटे मूलभूत सुविधाओं, जैसे बिजली, पानी, सड़क और शिक्षा के लिए तरस रहे हैं, जिससे उनके दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयां आ रही है। सरकारी योजनाओं के बावजूद, कुछ गांव इन आवश्यक सेवाओं से वंचित हैं, जिससे ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था का अभाव है, जिससे ग्रामीणों को नाले या दूर के स्त्रोतों से पानी लाना पड़ता है। कई गांवों तक बेहतर सड़कों की सुविधा नहीं है, जिससे आवागमन मुश्किल हो जाता है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की दो वर्ष पूर्ण होने वाले हैं, लेकिन भाजपा सरकार से आम जनता को राहत नहीं मिल रहा है सरकार की डबल इंजन रहते हुए भी आज पर्याप्त मात्रा में किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है और किसान की दोगुनी आय की बात करता है। क्षेत्र में ग्रामीण रहवासी छोटे-छोटे मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। स्कूलों में शिक्षक की कमी को पूरा नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रहा है कई स्कूलों में आज शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है, जिससे छात्र छात्राएं निराश है। भाजपा के डबल इंजन की सरकार में क्षेत्रवासी छोटे-छोटे मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे क्या यही विकास है? जो ग्रामीण अपने हक के लिए धरना प्रदर्शन देकर या विज्ञापन सौंपा जा रहा है, लेकिन क्षेत्र में समस्या जस के तस बना हुआ है। जिम्मेदार व शासन प्रशासन इस ओर राहत के लिए ध्यान ही नही दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीण आज भी बिजली, पानी, सड़क व शिक्षा जैसे सुविधाओं से वंचित है।

### खाद की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

बताया जाता है कि आज किसानों को पर्याप्त मात्रा में सेवा सहकारी समिति से खाद नहीं मिल रहा है, वहीं ग्रामीण किसान खाद के लिए इधर-उधर भटकने मजबूर है। साथ ही साथ निजी-दुकानदार से अधिक दामों में किसान खाद लेने मजबूर है और सरकार हाथ में हाथ धरे बैठे हैं।

### क्षेत्र के पीएम सड़कों का हाल-बेहाल

प्रधानमंत्री सड़क की बात की जाए तो सड़क क्षेत्र के कई पीएम सड़क का बुरा हाल है, सड़क में जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील है, लेकिन एक भी सड़क की मरम्मत कार्य नहीं हो पा रहा है, जिससे आम नागरिक को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण किसान परेशान

बताया जाता है कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व रोजाना घंटों तक बिजली कटौती से आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल पा रहा है लगातार बिजली की आंख मिचौली व बिजली आपूर्ति से मोटर पंप नहीं चलने के कारण किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। आज सरकार पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं दे पा रहा है और सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली की बात करती है।

### विशाल पानी टंकी बना शोपीस

क्षेत्र में अगर पानी की बात की जाए तो सरकार द्वारा गांव-गांव में विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य लाखों रुपए खर्च कर करवाया गया, लेकिन आज क्षेत्र के कई गांवों में विशाल पानी टंकी सिर्फ और सिर्फ शोपीस रह गया है, जिसमें सिर्फ सरकार की खजाने से ठेकेदारों को लाभ मिला वहीं क्षेत्र के रहवासी आज भी मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित नजर आ रहे है। ।

## दीदी के गोठ का उद्देश्य महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है: डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का आज शुभारंभ किया गया। जिले में जिला स्तरीय दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष कवर्धा में किया गया, जिसमें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पूर्व विधायक सियाराम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में महिला स्व-



सहायता समूह की सदस्य, अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संदेश प्रेषित किए। उन्होंने महिलाओं के आत्मविश्वास और मेहनत से प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में आए सकारात्मक बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि दीदी के गोठ जैसी पहल महिलाओं की आवाज को घर-घर तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम में बिहान योजना के दीदियों की कहानी उन्हीं की जुबानी भी सुनाई गई। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दीदी के गोठ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना, उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित करना है।

# छत्रकिशोर सानू तिवारी क्षेत्र में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम सैहामालगी में रामधुनी हरि कीर्तन 24 घंटें का रामधुनी का आयोजन किया गया। प्रतिर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 24 घंटे का श्री रामधुनी का आयोजन पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना कर गांव की सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली के लिए श्रीरामचरित मानस का पाठ कर ग्रामचार्या द्वारा शुभारंभ किया गया।

वहीं इस समापन कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष छत्रकिशोर सानू तिवारी शामिल हुए। इस हरि कीर्तन रामधुनी कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीणों ने हरिकीर्तन मंडली ने भाग लिया और अपना-अपना कला के माध्यम से प्रस्तुति दिया गया, जिसमें से हरिकीर्तन मंडली को पुरस्कार से सम्मानित किया गया और सभी हरिकीर्तन मंडली को श्रीरामचंद्र का फोटो फ्रेम देकर स्वागत किया गया।

जिसमें प्रथम पुरस्कार हरिकीर्तन मंडली मथानी मंडली को गोकुल चंद्रवंशी ने 11001 रुपए, दूसरा पुरस्कार जनपद उपाध्यक्ष छत्रकिशोर सानू तिवारी ने 7001 रुपए सूखाताल मंडली, तीसरा पुरस्कार प्रकाश चंद्रवंशी ने 6001 बिरनपुर मंडली, चौथा घनश्याम चंद्रवंशी पासवर्ड जितेंद्र चंद्रवंशी 5001 रुपए मंडली गोंजाडीह छठवां पुरस्कार राजानवांगांव मंडली को मिला जिसे पायलट ने 4001 दी। इस कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम मे बोल बम समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सदस्य तथा गांव के गणमान्य नागरिक और साथ ही भारी संख्या मे आसपास के गावों से आए हुए श्रोता गण उपस्थित थे।

### कौशल विकसित करने बच्चों ने लगाई विकास की प्रदर्शनी, पालकों व जनप्रतिनिधियों ने किया अवलोकन

# दो दिवसीय रजत जयंती छत्तीसगढ़ राज्य के गौरव और भविष्य का उत्सव विशेष सप्ताह चिमरा स्कूल मे प्रदर्शनी तथा एलु-मनी बैठक आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में रजत जयंती वर्ष के निर्धारित कार्यक्रम को निरंतर गति प्रदान करते हुए 30 एवं 31 अगस्त विद्यालय में विकास की प्रदर्शनी विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती ज्योति व छात्राओं में समझ एवं खुद से कार्य करने की आदत को मजबूती प्रदान करने शैक्षणिक सहायक सामग्री जिसमें एफएलएन, गणितीय संक्रियाएं, भाषाई कौशल विकसित करने समस्त सामग्रियों को प्रदर्शनी में बच्चों एवं पालको एवं जनप्रतिनिधियों के अवलोकन के लिए रखा गया।

जिसमें प्राथमिक विभाग में श्रीमती उषा मिश्रा, श्रीमती सुनीता ठाकुर ने टीएलएम प्रदर्शन में सक्रिय योगदान दिया। रजत जयंती वर्ष कार्यक्रम एलु-मनी मिट में प्रधानाध्यापक



दिलीप कुमार नागवंशी ने ग्राम के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं को मीटिंग में आमंत्रित उनका अनुभव साझा करने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

श्रीमती नीलिमा तिवारी ने एलु-मनी बैठक में ग्राम चिमरा मे 25 वर्ष पूर्व अध्यनरत बालक-बालिकाओं जिनकी संख्या लगभग 1000 है, व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से आमंत्रण प्रसारित कर आमंत्रित किया गया। जिसमें विद्यालय में लंबे समय से कार्यरत भूतपूर्व शिक्षकों में नकुल राम वर्मा, नीलमणि केशरवानी, दिलीप सिंह ठाकुर, श्रीमती भगवती होठीले, श्रीमती पुष्पांजलि चंद्राकर, श्रीमती मंजू धुरंधर, कृष्ण कुमार नायक, श्रीमती लिखा धुर्वे, अशोक साहू, श्रीमती बुद्धियारिन ध्रुर्वे, पंडा साहू, अजय शुक्ला को आमंत्रित किया गया। भूतपूर्व छात्र अखिलेश, हीरालाल, अभिषेक, छात्रा रवीना, जानकी, लक्ष्मी, यशोदा, केसरानी ने कार्यक्रम में विद्यालय में 8 वर्ष से अध्यनरत शिक्षा स्तर, स्कूल गतिविधि एवं अपने गुरुजनों को याद करते अपने विचार अर्पित किए।

पूर्व प्रधान पाठक दिलीप सिंह ठाकुर ने ग्राम चिमरा में विगत 25 वर्षो ग्राम में हुए विकास कार्यो को वर्णित करते हुए रजत जयंती वर्ष पर छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद गांव में सुविधा युक्त विद्यालय, पक्की सड़के, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, नल जल योजना, पंचायत स्तर पर शासन की योजनाओं तथा 25 वर्षो में भूतपूर्व छात्राओं जिनका आज कैरियर शिक्षक, पुलिस, लेखपाल, वन विभाग, आंगनबाड़ी केंद्र, भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, शिक्षा के क्षेत्र में आधिकाधिक संख्या में छात्र-छात्राओं ने उच्च शिक्षा प्राप्त करने सफलता हासिल की है। स्कूल में संचालित मिड-डे-मील, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क ड्रेस, राज्य छात्रवृत्ति, अल्पसंख्यक एवं दिव्यांग छात्रवृत्ति, कन्या प्रोत्साहन योजना और 25 वर्षो के अंतर्गत विद्यालय के भौतिक विकास को सविस्तार चित्रित किया। वहीं भारती चंद्रवंशी ने 1 व 2 सितंबर को विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता इतिहास लेखन की पूर्व तैयारी करने छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने सक्रिय रूप से अपना कर्तव्य निर्वहन किया। शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने रजत जयंती वर्ष में विद्यालय स्तर के कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता विषय मेरे सपनों का स्कूल, प्रयोग प्रदर्शन, संस्कृत प्रदर्शन और पुरस्कार वितरण आगामी कार्यक्रम में सफल प्रस्तुति देने पूर्व तैयारी करने अपना स्थान सुनिश्चित किया।

## खबर संक्षेप

### जोराताल में बनेगा मां शाकंभरी देवी चौक

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पटेल मरार समाज की मांगों को पूरा करते हुए महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने ग्राम समनापुर में 50 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कराने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम जोराताल चौक पर मां शाकंभरी देवी का भव्य चौक विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज की आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कर रही है। घोषणा के बाद समाज के लोगों में उत्साह का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार और तेज हुई है।

### बारिश की कमी से किसानों की बढ़ी चिंता

**कवर्धा।** कवर्धा सहित जिले में लम्बे समय बारिश में लगे ब्रेक से किसानो की चिंता बढ़ गई है। बताया जाता है कि सबसे ज्यादा परेशानी उन क्षेत्रों के किसानो को भुगतनी पड़ रही है जहां सिंचाई के संसाधन उपलब्ध नहीं है और फसल पूरी तरह से बारिश पर निर्भर है। इन स्थानो में वर्षा के आभाव में खेतों में दरारें पड़ने लगी है वहीं धान की फसल पीली पड़ने लगी है। प्रभावित किसानो ने बताया कि जल्द ही बारिश नहीं हुई तो उनके खेतों में लगी धान की फसल खराब हो जाएगी और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**कार्यवाही:** दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, गुप्त चेंबर में छिपा रखा था गांजा, 70 लाख की जप्ती

# चिल्फीघाटी पुलिस ने 2 क्विंटल से अधिक गांजा किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मुखबिर की सूचना पर जिले की सीमावर्ती चिल्फीघाटी पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए 2 क्विंटल से अधिक गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए गांजा तस्करों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में चिल्फीघाटी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उसे मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि आईशर ट्रक क्रमांक पीबी 02 ईजे 3009 में गांजा की बड़ी खेप मध्यप्रदेश की ओर ले जाई जा रही है। इस सूचना पर चिल्फीघाटी पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित कर थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जबलपुर में नाकाबंदी कर वाहनो की तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर के द्वारा बताए गए संदिग्ध वाहन को रोककर बारीकी से वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया अत्यंत गुप्त चैंबर मिला। यह चैंबर इतनी कुशलता से बनाया गया था कि सामान्य जांच में पकड़ा जाना लगभग असंभव था, किंतु पुलिस की सूझबूझ और उच्च कार्यक्षमता के चलते इसमें छिपाया गया 2 क्विंटल से अधिक अवैध गांजा बरामद कर लिया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी ईश्वर सिंह पिता हजारीलाल सिंह, उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम जाखोदा, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर (हरियाणा) एवं रामु सिंह परमार पिता रामकुमार परमार, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम दौपुरा, तहसील बसेरी, जिला धौलपुर (राजस्थान) के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर, सहायक उपनिरीक्षक, दर्शन साहू, आरक्षक जितेन्द्र चंद्रवंशी, सुनील मेरावी, पंकज यादव, अमन वाहने, मोहम्मद इरफान, आंसू तिवारी, पप्पू पनागर एवं मोहित काठले की भूमिका सराहनीय रही। उनकी मेहनत और सतर्कता के कारण तस्करों का यह चालाक तरीका भी नाकाम हो गया।

**उड़ीसा से दिल्ली ले जाई जा रही थी गांजा की खेप**



जप्त गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए तथा वाहन की कीमत लगभग 20 लाख रुपए आंकी गई है। इस प्रकार चिल्फी पुलिस ने कुल जप्ती लगभग 70 लाख रुपए की हुई। बताया जाता है कि गांजा की खेप उड़ीसा से दिल्ली ले जाई जा रही थी। मुखिबर की सटीक जानकारी और चिल्फीघाटी पुलिस की तत्परता से गांजा तस्करों को दबोच लिया गया।

**अब तक 14 प्रकरण दर्ज 41 आरोपी गिरफ्तार**

इस वर्ष कबीरधाम पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के कुल 14 प्रकरणों में 41 आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगभग सवा करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के गांजा एवं अन्य सामग्री की जप्ती की है। हाल ही में कबीरधाम पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टैबलेट दवाइयों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई कर एक आरोपी को जेल भेजा था तथा उससे जुड़े दूसरे सप्लायर को रायपुर से गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा जा रहा है।

# ग्राम पलानसारी व डोंगरिया के किसान झेल रहे है चौतरफा मार

- बीते 20 दिनो से जला पड़ा है खेत में लगा ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

इन दिनो जिले के किसानो को प्राकृति की मार के साथ विद्युत विभाग की खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था के साथ खाद की किल्लत जैसी कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानो की माने जिले में धान की फसल के अनुरूप बारिश नहीं होने के कारण उनकी फसल प्रभावित हो रही है वहीं उन्हें जिले की सेवा सहकारी समितियों से यूरिया तथा डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते उन्हें मंहगे दामों में खुले बाजार से खाद खरीदने मजबूर होना पड़ रहा है। इसी प्रकार किसानो को बिजली की भी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम डोंगरिया और पलानसरी के ग्रामीण किसानों ने बताया कि जहां की 25 एचपी का ट्रांसफार्मर विगत 20 दिनों से जल गया। जिसे चलते स्थानीय किसान बरसाती चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, दिलउ, श्रीराम साहू, अर्जुन चंद्रवंशी तथा ग्राम पलानसारीं के किसान शशिकांत चंद्रवंशी, हरिचंद साहू, शोभा साहू, पतिराम साहू की फसल सिंचाई के आभाव में प्रभावित हो रही है।



डोंगरिया निवासी बरसाती चंद्रवंशी ने बताया कि उनके गांव के लगभग 25 एकड़ के खेत में धान का फसल लगा है पानी की जरूरत है लेकिन खेत में लगा ट्रांसफार्मर खराब है। इस कारण ट्यूबवेल बंद है पानी के कमी के चलते खेत सूख चुके है। धान में पानी के कमी के चलते कई प्रकार के रोग लग रहे है। शशिकांत चंद्रवंशी ने बताया कि फसल खराब हो रही है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होने बताया कि इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों से बार-बार अर्जी विनती की जा रही है लेकिन सुनने वाला नहीं है। किसानो ने मांग की है कि जल्द से जल्द खराब ट्रांसफार्मर बदले जाएं।

# एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन 13 वें दिन भी जारी

## जिले के एनएचएम कर्मियों ने रायपुर में दिया धरना




- आंदोलन को तेज और उग्र करने की एनएचएम कर्मियों ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 13 दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल में डंटे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन और भी उग्र हो गया है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक हमारी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं हो जाता है तब तक हम अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

कर्मचारियों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार ने कई वादे किए थे। जिनमें मोदी की गारंटी को प्रमुख रूप में प्रचारित किया गया था। लेकिन भाजपा सरकार द्वारा इस गारंटी को पूरा न किए जाने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। संघ का दावा है कि 160 से ज्यादा बार ज्ञापन देने के बावजूद सरकार ने संघ की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसी के चलते 18 अगस्त से प्रदेश के 33 जिलों में लगभग 16000 से ज्यादा कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिला एनएचएम संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 29 अगस्त को रायपुर और दुर्ग संभाग के साथ कवर्धा जिले के 180 कर्मचारी रायपुर के तुता धरना स्थल पर शामिल हुए जिनमें मोदी की गारंटी लागू करे लिखे पाम्पलेट आम जनता में वितरित भी किया ताकि लोग संघ के आंदोलन के विषय में जानकारी मिल सके।

इस हड़ताल में शशिकांत शर्मा, जेम्स जॉन,प्रदीप सिंह ठाकुर,विनिष जॉय, सौरभ तिवारी, जग राठौर, मुकुंद राव, आनंद दास महंत,जयंत कुमार, दुर्गेश गुप्ता, डॉ. चंचला, डॉ. प्रशांत, डॉ. मुकेश खूंटे, डॉ. निलेश चंद्रवंशी, डॉ.गौरव बघेल, डॉ.ममता ठाकुर, डॉ.दीपक ध्रुव, रूपेश साहू, संगीता भगत, हेमराज सिंह ठाकुर, भवानी सिंह, भास्कर देवांगन, शिल्पा बक्शी, भूपेंद्र भास्कर, नेहा चंद्रवंशी, राजेश्वरी गुप्ता, भगवन्तीन पुसाम, संजीत चंद्रवंशी, अविनाश, नितिन सोनी, नीलेश टांडेकर, मोहन साहु, नेहरू, विजय कश्यप, रामबिहारी यादव, सागर, छबि साहु, टीकाराम चंद्रवंशी, महेंद्र चंद्रवंशी, कवित पटेल, वेद चंद्राकर आदि सैकड़ों कि संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य सेवाएं ठप आम जनता परेशानः संघ**

संघ ने दावा किया है कि उनकी इस अनिश्चितकालीन हड़ताल से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप हो गई है जिससे आम जनता को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री के उस दावे को एनएचएम कर्मचारियों ने भ्रामक जानकारी बताया है जिसमें उन्होंने कहा था की पांच मांगो को पूरी कर दी गई है। इस पर कर्मचारियों ने मंत्री से लिखित आदेश जारी करने की मांग की है।

**शासन के समक्ष संघ ने रखी दस सूत्रीय मांगे**

कर्मचारियों की मुख्य मांगों में नियमतिकरण, ग्रेड पे का निर्धारण लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति सहित अन्य 10 सूत्रीय मांगे शामिल है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हम अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं और सरकार की दमनकारी नीति हमें डरा नहीं सकती उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो आंदोलन और उग्र होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# ग्राम बिरकोना में दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का रविवार को शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी में रविवार को जनपद कवर्धा के श्रीजन महिला संकुल संगठन बिरकोना में दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति डॉ.वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ.वीरेन्द्र साहू ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, एवं भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। उन्होने कहा कि दीदी के गोठ जैसी पहल महिलाओं की आवाज को



घर-घर तक पहुंचाएगी। बिहान योजना से जुड़ी हमारी दीदियां आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा भी दे रही हैं। इनकी प्रेरणादायी कहानियां जब हर गांव और हर घर तक पहुंचेंगी तो अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने की नई राह मिलेगी। दीदी के गोठ कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करना है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रसारण सुनने के बाद उपस्थित महिलाओं ने आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने का संकल्प लिया। इस अवसर जनपद सदस्य लक्ष्मी तामेश्वर साहू, सरपंच मनोज साहू, उपसरपंच श्रीमती जोशी, जनपद कवर्धा के सीईओ भगत, संकुल प्रभारी अभय शर्मा, संकुल अध्यक्ष श्रीमती लता चंद्राकर, सचिव श्रीमती सुनीता चंद्राकर, एसी श्रीमती चीतरेखा साहू, पीआरपी वेदिनी साहू, पंच लक्ष्मण साहू, सुखचैन चंद्रवंशी, अजय चन्द्रवंशी सहित बिहान की कार्यकर्ता सहित संगठन की की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

# भाजयुमो का पुतला दहन कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और आरजेडी के मंच से कांग्रेस नेताओं द्वारा तथाकथित रूप से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता के लिए अभद्र भाषा से भरी गालियां दिए जाने के विरोध में जिला भाजयुमो द्वारा 1 सितम्बर को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया जाएंगा।

इस संबंध में जिला भाजयुमो के अध्यक्ष मनीराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कभी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री के लिए तू-तड़ाक की भाषा इस्तेमाल करते हैं और आज उनके मंच से एक ऐसी महिला के लिए अपशब्द कहे गए जिनका राजनीति से कोई सरोकार ही नहीं है। श्री साहू ने कहा कि माँ का अपमान कॉंग्रेस की पहचान है वहीं लोकसभा में राहुल गांधी ने हिंदू धर्म का अपमान किया है। उनके द्वारा हिंदू धर्म के लोगों को हिंसक कहा गया है।

जिसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश और नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिहा के निर्देशानुसार राजेंद्र चंद्रवंशी अध्यक्ष जिला भाजपा कबीरधाम के मार्गदर्शन में 1 सितम्बर को शाम 4.00 बजे कवर्धा नगर के सिग्नल चौक भाजयुमो कबीरधाम द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन किया जाएगा।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल तथा पंकज पटेल एवं नोडल अधिकारी डीएसपी संजय ध्रुव साहब के मार्गदर्शन में थाना रेंगाखर अंतर्गत ग्राम पंचायत घानीघुटा एवं कन्हारी में 28 अगस्त से 30 अगस्त तक सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 35 टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का परिचय दिया। अंतिम दिन हुए फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान को भी प्रमुखता से जोड़ा गया। प्रतियोगिता स्थल पर लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को जागरूक किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को खेल की ओर प्रेरित करना और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं थाना प्रभारी सहित पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। प्रतियोगिता की विजेता टीम को शील्ड, मोमेंटो एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएँ न केवल युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करती हैं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों से समाज में आपसी सहयोग, खेल भावना और नशामुक्ति का संदेश मजबूती से पहुंचेगा।

**शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक प्रगति के लिए नई रचनात्मक शुरुआत**

# पीजी कॉलेज कवर्धा में केमिकल सोसाइटी की नई टीम का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

आचार्य पंथ श्री ग्रंध मुनि नाम साहेब सरकारी पीजी कॉलेज कवर्धा के रसायन शास्त्र विभाग में वैज्ञानिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नई केमिकल सोसाइटी समिति का गठन किया गया है।

इस समिति के अध्यक्ष के रूप में अभिषेक मानिकपुरी, उपाध्यक्ष के रूप में रोशनी साहू (एमएससी तृतीय सेमेस्टर), सचिव के रूप में ऐश्वर्या श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव रीना साहू (एमएससी प्रथम सेमेस्टर), कोषाध्यक्ष सालिक राम पटेल, और मीडिया इंचार्ज राहुल सोनकर एवं साक्षी (एमएससी तृतीय सेमेस्टर), और सदस्य के रूप में कुश साहू , कल्याणी , पवन (एमएससी तृतीय सेमेस्टर), होलीराम , केदार ,पोशन साहू (एमएससी प्रथम सेमेस्टर) का चयन किया गया है।

इस अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए प्राचार्या डॉ. ऋचा मिश्रा ने कहा, केमिकल सोसाइटी छात्रों के लिए ज्ञान व अनुभव का आदान-प्रदान करने का महत्वपूर्ण मंच है, जहां वे वैज्ञानिक सोच विकसित कर समृद्धि की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. दीप्ति टीकरिहा ने केमिकल सोसाइटी के सामाजिक और शैक्षणिक महत्त्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि वे इस मंच का सदुपयोग कर अपने कौशल एवं ज्ञान को विकसित करें। समिति के गठन से विभागीय गतिविधियों में नवाचार, अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन परियोजनाओं, और शोध कार्यों को बढ़ावा मिलेगा।



छात्रों की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए यह एक नवीन अवसर है। आने वाले दिनों में केमिकल सोसाइटी द्वारा विभिन्न कार्यशालाएँ, सेमिनार, और वैज्ञानिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जो छात्रों के शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को सशक्त बनाएंगे।

सरकारी पीजी कॉलेज कावर्धा इस नई पहल के माध्यम से विज्ञान में उत्कृष्टता और सामूहिक विकास की ओर एक मजबूत कदम बढ़ा रहा है। इस कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ श्रीमती रिचा मिश्रा, विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती दीप्ति टिकरिहा, अस्सिटेंट प्रोफेसर संतोष कुमार डहरिया, गेस्ट लेक्चरर संजय यादव, एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

# एग्रीस्टेक पोर्टल में धान पंजीयन करने के नाम पर किसानों के साथ खिलवाड़ः गहरवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ठाठापुर अध्यक्ष सतीश सिंह गहरवार ने प्रदेश भाजपा सरकार पर एग्रीस्टेक पोर्टल में धान पंजीयन कराने का फरमान जारी किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। श्री गहरवार ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के द्वारा एग्री स्टेक पोर्टल में धान रकबा को पंजीयन करने का फरमान जारी किया गया है। लगता है भाजपा सरकार किसानों का धान खरीदना नहीं चाहती। उन्होने कहा कि खाद, बिजली कटौती के बाद अब धान पंजीयन के नाम पर एग्री स्टेक पोर्टल का नया बहाना बनाया जा रहा है। जबकि पहले धान का पंजीयन सोसायटी में ही होता था



जिससे किसानों को कोई परेशानी नहीं होती थी। लेकिन अभी स्थिति यह है कि बहुत से किसानों को इस पोर्टल की जानकारी नहीं है, जिनको जानकारी है वो पंजीयन कराने चॉइस सेंटर में चक्कर लगा रहे हैं। क्योंकि अधिकतर समय सर्वर डाउन रहता है, ओटीपी नहीं आता, जिन किसानो की जमीन दो गांव में है उसका पंजीयन नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी तरफ समय सीमा भी समाप्त हो रही है। श्री गहरवार ने बताया कि अभी तक की स्थिति में जिले के 50 प्रतिशत किसान ही पंजीयन करा पाए हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ठाठापुर अध्यक्ष सतीश सिंह गहरवार ने सरकार से मांग की है पंजीयन की प्रक्रिया को पहले जैसे सोसायटी के माध्यम से कराया जाए जिससे किसानों को कोई समस्या न हो और किसान अपनी धान की फसल आसानी से बेच सके।




## गांव-गांव सहित संस्कारधानी में श्रीगणेशोत्सव की धूम

# बप्पा के भक्ति की बयार, पूजा पंडालों में उमड़ रही भक्तों भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में श्रीगणेशोत्सव की धूम है। खासकर संस्कारधानी में पारंपरिक रूप से पर्व मनाया जा रहा है। पूजा पंडालों में एक से बढ़कर एक आकर्षक श्रीगणेश मूर्तिया स्थापित की गई है। जिनके दर्शन हेतु बड़ी संख्या में भक्त सपरिवार पहुंच रहे हैं। देर शाम तक सजावट की रौशनी से चकाचौध एवं लोगों की उपस्थिति से पर्व की भव्यता बनी हुई है।

श्रीगणेश चतुर्थी से जिले के गांव-गांव एवं संस्कारधानी में महोत्सव की धूम है। पूजा-अर्चना के साथ ही बप्पा के जयकारों की गूंज बनी हुई है। शहर की छोटी-बड़ी समितियों द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है। वहीं एक से बढ़कर एक विविध रूपों में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई है।



### कई स्थानों पर विराजे गणपति

शहर में सभी इलाके गुडाखू लाइन, कामठी लाइन, रामाधीन मार्ग, गंज चौक, भारतमाता चौक, सदर लाइन, आजाद चौक, दुर्गा चौक, दिग्विजय चौक, नंदई, लखोली, बसंतपुर, बस स्टैंड, ममता नगर, तुलसीपुर, मोतीपुर, नवागांव, स्टेशनपारा, चिखली, शंकरपुर, शांतिनगर, इंदिरानगर, लालबाग सिंधी कालोनी, ठेठवारपारा, जमातपारा, अनुपम नगर, मोहारा, कन्हारपुरी, गौरीनगर, फ्लाई ओवर के नीचे सहित कई स्थानों पर विभिन्न समितियों द्वारा पूजा पंडाल बनाकर भगवान श्रीगणेश की मूर्तियां स्थापित की गई है।

### श्रद्धालु हो रहे भावविभोर

पूजा पंडाल को जहां भव्य रूप और साज-सजावट पर समितियों द्वारा विशेष ध्यान दिया गया है। वहीं दूसरी ओर भगवान श्रीगणेश की एक से बढ़कर एक मूर्तियां स्थापित की गई है। सुबह-शाम विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ ही विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। शहर में शाम होते ही लोग सपरिवार विभिन्न साधनों से घूम-घूमकर कर पूजा पंडालों में पहुंचकर मूर्तियों के दर्शन कर भाव-विभोर हो रहे हैं।

### शाम होते ही उमड़ रही भक्तों की भीड़

मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। शाम होते ही शहर में दर्शनार्थियों की उपस्थिति से चहल-पहल का माहौल बना हुआ है। आगामी दिनों में भक्तों की भीड़ और भी बढ़ने की संभावना है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी भक्तों का शहर आगमन का दौर शुरू हो चुका है। भक्तों का रेला श्रीगणेश विसर्जन तक बने रहने की संभावना है। इधर भक्तों की उमड़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अलर्ट है।

## जिपं सभापति यदु आज गांवों का करेंगी दौरा

राजनांदगांव। गणेश चतुर्थी पर्व पर डोंगरगांव क्षेत्र में जगह-जगह विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश पंडाल लगाकर प्रतिमा स्थापित की गई है।



राजनांदगांव जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु कल 1 सितंबर को डोंगरगांव विधानसभा की विभिन्न ग्रामों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भगवान श्रीगणेश विघ्नहर्ता की पंडाल पहुंचकर पूजा-अर्चना करेगी। वह ग्राम गिरगांव, दीवानभेडी, पेंडरवानी, दीवानझिटिया, जारवाही सहित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में दौरा करेगी।

पृष्ठ 07 का शेष

### भक्तों को लुभा रहे...

इस पंडाल में छत्तीसगढ़ी परिधान में एक महिला को करधन, सुता, मुंदरी सहित अन्य पारंपरिक श्रृंगार में दिखाया गया है, जो चूल्हे में तवे पर रोटियां बना रही है। वहीं भगवान गणेश को अपने बाल सखा के पीठ पर सवारी करते दिखाया गया है, जो खुशहाल परिवार के साथ छत्तीसगढ़ की समृद्धि को दर्शा रहा है।

## अभाविप ने फिर से पोर्टल खोलने रखी मांग

राजनांदगांव। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर कॉलेजों में प्रवेश पोर्टल को फिर से खोलने की मांग की है। अभाविप के मुताबिक विश्वविद्यालय के वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश पोर्टल पहले ही बंद कर दिया गया है। जिससे कई योग्य विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर छीन गया है। नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि इस वर्ष तकनीकी कारणों, जानकारी की कमी और व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण कई छात्र-छात्राएं समय पर पंजीकरण नहीं कर पाए थे।







## वार्डों में गूंजा मन की बात

राजनांदगांव। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन एवं उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया के नेतृत्व में भाजपा उत्तर मंडल ने रविवार को 24 वार्डों में से 23 वार्डों में मन की बात का 125वां संस्करण का सीधा प्रसारण का आयोजन किया।



## हीरो एशिया कप मैच में शामिल हुए फिरोज

राजनांदगांव। बिहार के राजगीर में आयोजित हीरो एशिया कप के पहले दिन बांग्लादेश ने चीन-ताईपे को 7-2 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में हॉकी इंडिया के जॉइंट सेक्रेटरी फिरोज अंसारी और राजगीर के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने बतौर अतिथि उपस्थित होकर खिलाड़ियों से मुलाकात की। फिरोज अंसारी ने बांग्लादेश के खिलाड़ी अब्दुल्लाह मोहम्मद (15) को हीरो ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया। दूसरे मैच में कोरिया ने मलेशिया को चुनौती दी। इस मैच के दौरान फिरोज अंसारी ने बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री और विधायक राजगीर तथा अध्यक्ष हॉकी बिहार श्रवण कुमार के साथ खिलाड़ियों से परिचय लिया और उन्हें शुभकामनाएं दी।



